संस्थापक : स्व. श्री वीर विक्रम आदित्य

# हिन्द जनपथ

स्थापना वर्ष : 2002

पंचकूला
गुरुवार
20 नवंबर, 2025
वर्ष:24 अंक: 147
कुल पृष्ठ:08
मूल्य : 1 रुपया

खबरें छापते हैं छुपाते नहीं | दैनिक प्रभात संस्करण हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रकाशित। | www.hindjanpath.com

अन्नदाता को मजबूत, सशक्त और खुशहाल बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी







# 350वां शहीदी दिवस

## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी

### भाई मती दास जी, भाई सती दास जी, भाई दयाला जी

को समर्पित



# नगर कीर्तन एवं समागमों का विवरण

**श्रीनगर से श्री आनंदपुर साहिब (19-22 नवंबर, 2025)**

1 श्रीनगर, 2 जम्मू, 3 पठानकोट, 4 दसूहा, 5 होशियारपुर, 6 माहिलपुर, 7 गढ़शंकर, 8 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव:
दिन 1 – जम्मू (19 नवंबर, 2025)
दिन 2 – पठानकोट (20 नवंबर, 2025)
दिन 3 – होशियारपुर (21 नवंबर, 2025)

**गुरदासपुर से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)**

1 गुरदासपुर, 2 बटाला, 3 बाबा बकाला साहिब, 4 श्री अमृतसर साहिब, 5 तरन तारन, 6 गोइंदवाल साहिब, 7 कपूरथला, 8 करतारपुर, 9 जालंधर, 10 फ़गवाड़ा, 11 बंगा, 12 नवांशहर, 13 बलाचौर, 14 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव:
दिन 1 - श्री अमृतसर साहिब (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 – जालंधर (21 नवंबर, 2025)

**फ़रीदकोट से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)**

1 फ़रीदकोट, 2 फ़िरोज़पुर, 3 मोगा, 4 जगराओं, 5 लुधियाना, 6 खन्ना, 7 सरहिंद, 8 फ़तेहगढ़ साहिब, 9 मोरिंडा, 10 चमकौर साहिब, 11 रूपनगर, 12 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव:
दिन 1 – लुधियाना (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 – फ़तेहगढ़ साहिब (21 नवंबर, 2025)

**गुरुद्वारा बेर साहिब (छावनी बुड्ढा दल) तलवंडी साबो से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)**

1 गुरुद्वारा बेर साहिब (छावनी बुड्ढा दल) तलवंडी साबो, 2 बठिंडा, 3 बरनाला, 4 संगरूर, 5 पटियाला, 6 राजपुरा, 7 बनूड़, 8 साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर, 9 कुराली, 10 रूपनगर, 11 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव:
दिन 1 – संगरूर (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 - साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (21 नवंबर, 2025)

## श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले समागमों का विवरण

### 23 नवंबर, 2025

- आरंभ श्री अखंड पाठ साहिब
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन
- सर्व धर्म सम्मेलन
- विरासत-ए-खालसा, भाई जैता जी मेमोरियल और पंज प्यारा पार्क का गाइडेड टूर
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 24 नवंबर, 2025

- शीश भेंट नगर कीर्तन (कीरतपुर साहिब से श्री आनंदपुर साहिब)
- श्री आनंदपुर साहिब में हैरिटेज वॉक
- श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग़ बहादुर जी को समर्पित विशेष विधानसभा सत्र
- ढाडी, कविशर दरबार
- गुरु साहिब के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित नाटक/पाठ/कविता
- गतका और अन्य कार्यक्रम
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 25 नवंबर, 2025

- श्री अखंड पाठ साहिब के भोग की संपूर्णता
- राज्य स्तरीय रक्तदान मुहिम
- 3.50 लाख पौधे लगाने की राज्य स्तरीय मुहिम
- गुरुवाणी कीर्तन
- सरबत दा भला एकत्रता
- ड्रोन शो

## लाइट एंड साउंड शो

20 नवंबर, 2025 | शाम 6 बजे से

सरकारी कॉलेज, मालेरकोटला | नेहरू मेमोरियल कॉलेज, मानसा | चरण गंगा स्टेडियम, श्री आनंदपुर साहिब

धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों के संरक्षक, करुणा, त्याग और साहस के प्रतीक नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए एक प्रकाश-स्तंभ बने हुए हैं। आइए, अपने परिवारों सहित इस पवित्र धरती पर श्रद्धा से नतमस्तक होकर इन दिव्य आयोजनों का हिस्सा बनें।

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## नवोदय विद्यालय के कक्षा छः के प्रवेश पत्र बेवसाईट पर जारी

**धर्मशाला।** जवाहर नवोद्य विद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया है कि कक्षा छ : में प्रवेश के लिये जेएनवीएसटी–2026 के माध्यम से आवेदन करने वाले अभ्यार्थियों के प्रवेश पत्र अब नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/AdminCard/AdminCard पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा की तिथि 13 दिसंबर, 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी अभिभावकों, विद्यालयों तथा विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि सभी पंजीकृत विद्यार्थी दिनांक 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए अपने प्रवेश पत्र समय पर डाउनलोड कर लें।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर पुष्पाजंलि अर्पित की



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां ऐतिहासिक रिज पर भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र के विकास में इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी निर्णयों ने भारत को मजबूत आधार प्रदान कर सशक्त बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबी उन्मूलन, आर्थिक सुधार, बैंकों के राष्ट्रीयकरण, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, रोजगार सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण में उनकी भूमिका अतुलनीय रही है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय रतन, हरीश जनारथा, मलेंद्र राजन, रणजीत सिंह राणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उप–महापौर उमा कौशल, पार्षदगण, उपायुक्त अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय में सम्पन्न हुई लोक लेखा समिति की बैठकें।



**शिमला।** दिनाँक 18 व 19 नवम्बर, 2025 को लोक लेखा समिति की बैठकों का आयोजन हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में समिति के सभापति अनिल शर्मा की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सदस्यों सर्वश्री संजय रत्न, जीत राम कटवाल, इन्द्र सिंह, डॉ0 जनक राज, मलेन्द्र राजन, केवल सिंह पठानियां, कैप्टन रणजीत सिंह व श्रीमती कमलेश ठाकुर ने भाग लिया। समिति ने बैठक के दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से प्राप्त विभागीय उत्तरों पर मुख्य सचिव (आवास) एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता), हिमाचल प्रदेश सरकार का मौखिक साक्ष्य किया।

## क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में आपदा प्रबंधन विषय पर दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 3 और 4 दिसम्बर को: प्रो. कुलदीप अत्री

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में आपदा प्रबंधन में समसामयिक मुद्दे और चुनौतियां विषय पर दो–दिवसीय अंतरराष्ट्रीय एवं अंतर विषयक सम्मेलन 3 और 4 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के आधुनिकरुझानों, तकनीकी हस्तक्षेपों तथा सामुदायिक सहभागिता के नवाचारपूर्ण मॉडल पर वैश्विक स्तर पर विचार–विमर्श का मंच प्रदान करना है। क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला के निदेशक प्रोफेसर कुलदीप अत्री ने बताया कि यह आयोजन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला और विश्वविद्यालय के आपदा प्रबंधन अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उन्होंने कहा किपर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ते भूद्स्खलन, भूकंप, जलवायु परिवर्तन जनित आपदाओंऔर आकस्मिक आपात स्थितियों को देखते हुए इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय मंचसमय की आवश्यकता हैं।



वीरभूमि टैक्सी यूनियन, हमीरपुर के अध्यक्ष विजय कुमार ने पदाधिकारियों के साथ शिमला में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की तथा यूनियन की विभिन्न मांगों से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया।

## यूएई में डिलीवरी राईडर्स की भर्ती का सुनहरा मौका

### 24 नवम्बर तक आनलाइन करें आवेदन

**धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम हिमाचल प्रदेश सरकार उपक्रम द्वारा संयुक्त अरब अमीरात यूएई में नून फूड एलएलसी के लिए डिलीवरी राइडर्स की रिक्तियों हेतु भर्ती जेएसडीसी ग्रुप ऑफ कंपनीज के माध्यम से की जा रही है। इन पदों हेतु मासिक वेतन 2500 दिरहम, कमीशन, टिप्स के साथ 70 हजार से एक लाख रुपये को वेतन दिया जाएगा और सप्ताह में 6 दिन सुबह शाम की शिफ्ट 10 घंटे की रहेगी। इन पदों हेतु केवल पुरुष आवेदक ही आवेदन कर सकते हैं इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास रखी गई है साथ ही बेसिक इंग्लिश का ज्ञान आवश्यक है। फ्रेशर या अनुभवी दोनों आवेदन कर सकते हैं तथा आयु सीमा 20 से 37 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदन करने वाले आवेदक के चेहरे व गर्दन पर किसी तरह का टैटू न बना हो। आवेदक रंग अंधता से ग्रसित न हो आवेदक को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है। आवेदक के पास गियर वाली मोटर साइकिल का कम से कम अगले एक वर्ष का वैध लाइसेंस होना चाहिए। आवेदकों को यूएई लाइसेंस उनकी तैनाती के बाद प्रदान किया जाएगा। यूएई ड्राइविंग लाइसेंस के लिए 5500 दिरहम चयनित उम्मीदवार के वेतन में से ईएमआई के माध्यम से काटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि वैध पासपोर्ट के बिना अभ्यर्थियों को भर्ती अभियान में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इच्छुक आवेदक https://forms.gle/FyH~GgWcNnvqUdF76 लिंक में दिए गए गूगल फॉर्म पर अपना पंजीकरण करना सुनिश्चित करना होगा जोकि अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आवेदन करने की अंतिम तिथि को अब बढ़ा कर 22 नवम्बर से 24 नवंबर, 2025 कर दिया गया है। चयनित उम्मीदवारों को भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा अनुमोदित रुपये 35 हजार 400 रुपये जीएसटी और 1500 रुपये चिकित्सा शुल्क का भुगतान करना होगा। अधिक जानकारी हेतु फोन नंबर 01892224892 पर सम्पर्क भी कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री ने दून विधानसभा क्षेत्र के लिए लोक निर्माण विभाग मंडल की घोषणा की

**● भाजपा पर मात्र 1.12 करोड़ रुपये में 5,000 बीघा ज़मीन देने का आरोप ● कहा, भाजपा का सोशल मीडिया सेल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए उन पर निशाना साध रहा है**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला सोलन के दून विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग का मंडल खोलने की घोषणा की है। उन्होंने बद्दी नागरिक अस्पताल में बिस्तरों की क्षमता 100 करने और एसडीएम कार्यालय के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपये तथा खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये देने की घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि बद्दी में बढ़ती आबादी के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। यहां एक आधुनिक बस स्टैंड बनाया जाएगा जिसके लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बद्दी, बरोटीवाला और चंडी के स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने की घोषणा भी की।

बद्दी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार पर आंखें मूंद लेने के लिए प्रदेश की पिछली भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने सैकड़ों करोड़ रुपये मूल्य की 5,000 बीघा ज़मीन सिर्फ़ 1.12 करोड़ रुपये में बड़े उद्योगपतियों को दे दी। कस्टमाइज्ड पैकेज की आड़ में स्टांप ड्यूटी माफ़ कर दी गई और पांच साल तक 3 रुपये प्रति यूनिट बिजली और मुफ़्त पानी देने का प्रावधान किया गया। उन्होंने कहा कि हम हिमाचल प्रदेश के संसाधनों के संरक्षक हैं इसलिए राज्य की संपत्तियों को लूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मेडिकल डिवाइस पार्क परियोजना में भी हिमाचल के हितों की रक्षा कर रही है, इसीलिए केंद्र से मिले 30 करोड़ रुपये वापस कर दिए और पार्क को खुद विकसित करने का निर्णय लिया है। भाजपा का सोशल मीडिया सेल मुझे इसलिए निशाना बना रहा है क्योंकि मैंने भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद कर दिए और विधवाओं, अनाथ बच्चों, महिलाओं, मजदूरों और किसानों के अधिकारों को सुनिश्चित किया। पूर्व भाजपा सरकार 75,000 करोड़ रुपये का कर्ज और कर्मचारियों से संबंधित 10,000 करोड़ रुपये की देनदारियां छोड़ गई है। उन्होंने कहा कि चुनावी लाभ के लिए भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम छह महीनों में बिना बजट और कर्मचारियों का प्रावधान किए कई संस्थान खोले।



मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय विधायक चौधरी राम कुमार हमेशा दून विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए चिंतित रहते हैं। उन्हें दून के लोगों की परवाह है और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए अथक प्रयास करते हैं।

वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा किए गए सुधारों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमाचल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर 21वें स्थान पर था। हमने शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाए और पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा शुरू की और स्कूल निदेशालयों का विलय किया। जिससे हमें राष्ट्रीय स्तर पर पांचवें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से राज्य में 100 सीबीएसई स्कूल खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सुधार ला रही है। अस्पतालों में उन्नत तकनीक और आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए 3,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। कई चुनौतियों के बावजूद, हिमाचल आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार विभागों में बड़े पैमाने पर भर्तियां करने जा रही है। पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में भर्ती के पेपर लीक हो गए थे। हमने आयोग को भंग कर दिया, क्योंकि हम पारदर्शिता और योग्यता आधारित भर्तियों में विश्वास करते हैं। वर्तमान सरकार आम जनता की सरकार है और भ्रष्टाचार के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है।



श्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित परिवारों की लगातार सहायता कर रही है। उन्होंने स्वयं आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और प्रभावित परिवारों को विशेष राहत पैकेज जारी किए। प्रदेश सरकार ने सहायता सुनिश्चित करने के लिए नियमों में बदलाव किया और आज प्रभावित परिवारों को अपने घर फिर से बनाने के लिए 7 लाख रुपये मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह केंद्र सरकार से सहायता लेने के लिए भाजपा के सभी सातों सांसदों के साथ केंद्र जाने को तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा की थी, लेकिन हमें अभी तक धनराशि नहीं मिली है और प्रदेश सरकार अकेले ही आपदा प्रभावित परिवारों का दर्द बांट रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश राहत नियमावली के अनुसार दून विधानसभा क्षेत्र के 18 आपदा प्रभावित परिवारों को 17,62,000 रुपये की राहत राशि और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 15 लाभार्थियों को अंतिम किश्त के रूप में 17,03,000 रुपये के चेक प्रदान किए। उन्होंने क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत तीन क्षय रोगियों को पोषण किट भी प्रदान कीं।

## ग्रामीण क्षेत्र की मज़बूत आर्थिकी में ही प्रदेश का विकास निहित : संजय अवस्थी

**बेहरतरीन प्रदर्शनी लगाने वाले किसानों व बागवानों को किया सम्मानित**

**सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों व बागवानों की आर्थिक को मज़बूत करने व उन्हें उनके उत्पादों का सही मूल्य दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मांगू में अंबुजा सीमेंट फाउडेशन दाड़लाघाट द्वारा आयोजित किसान मेले के शुभारम्भ अवसर पर उपस्थित किसानों व अन्य को सम्बोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की मज़बूत आर्थिकी में ही प्रदेश का विकास निहित है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को विकसित करने के लिए किसानों, बागवानों व पशुपालकों को विकसित करना आवश्यक है। इसी दृष्टिकोण से प्रदेश सरकार द्वारा किसानों, बागवानों व पशुपालकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं आरम्भ की गई हैं। इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्रों को मिल रहा है।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में पशुपालकों को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में गाय व भैंस के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य में आशातीत वृद्धि की गई है। इससे जहां पशुपालकों की आर्थिकी मज़बूती होगी वहीं उन्हें उनके उत्पादों का सही मूल्य भी मिलेगा।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। प्राकृतिक खेती के उत्पादों का अलग से वर्गीकरण करने की योजना है ताकि किसान प्राकृतिक खेती अपनाकर सभी के बेहतर स्वास्थ्य के अगुआ बन सके। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से उगाई गई मक्की के लिए 40 रुपए, गेहूं 60 रुपए प्रति किलोग्राम तथा हल्दी के लिए 90 रुपए न्यूनतम मूल्य निर्धारित किया गया है। यह निर्णय किसानों की आय में वृद्धि लाने में मील का पत्थर साबित होगा। विधायक ने किसान मेले में कृषि व बागवानी उत्पाद और गौधन की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मूल्यांकन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे किसानों व बागवानों को सम्मानित भी किया। संजय अवस्थी ने महिला मण्डल चाखडू को सामान क्रय करने के लिए 21 हजार रुपए तथा सामुदायिक भवन के शैड के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की।

उन्होंने क्षेत्र की शेष मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मांगू के प्रधान बलदेव ठाकुर, ग्राम पंचायत मांगू के उप प्रधान राजेश पुरी, बाघल लैड लूजर सोसायटी के अध्यक्ष जगदीश ठाकुर, ए.डी.के.एम. ट्रांसपोर्ट सोसायटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला, ए.डी.के.एम. ट्रांसपोर्ट सोसायटी के उप प्रधान जय प्रकाश ठाकुर, उपमण्डलाधिकारी अर्की निशांत तोमर, उप निदेशक कृषि डॉ. देव राज कश्यप, अंबुजा सीमेंट फाउडेशन के यूनिट हैड मुकेश सक्सेना, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक संजय शर्मा सहित किसान व बागवान उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने दून विधानसभा क्षेत्र में 383 करोड़ रुपये के लोकार्पण और शिलान्यास किए

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज सोलन जिले के दून विधानसभा क्षेत्र के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान 383 करोड़ रुपये की 12 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। उन्होंने 86 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बद्दी–साई–रामशहर सड़क, दून क्षेत्र में 15.78 करोड़ रुपये की लागत के ट्यूबवेल, 10.64 करोड़ रुपये से निर्मित नागरिक अस्पताल, बद्दी और 3.15 करोड़ रुपये की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरोटीवाला के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने शिक्षा खंड बद्दी में हरिपुर संडोली, सूरज माजरा, लबाना और चक्कां में नवनिर्मित राजकीय प्राथमिक विद्यालयों का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 73.21 करोड़ रुपये से निर्मित होने वाली गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति योजना, बद्दी, 63.73 करोड़ रुपये से निर्मित होने वाली बद्दी–शीतलपुर–जगातखाना सड़क, 40 करोड़ रुपये के आईएसबीटी बद्दी, 37.67 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले मिनी सचिवालय भवन बद्दी, बद्दी के छूटे हुए क्षेत्रों के लिए 37.10 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज योजना और कल्याणपुर में 5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला रखी।





## टोंगलेन ट्रस्ट ने बदली सैकड़ों बच्चों की ज़िंदगी: आर.एस. बाली

**● बोले.... संस्कार और शिक्षा से ही बदलता है समाज**



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) एवं विधायक आर.एस. बाली ने आज बुधवार को धर्मशाला के सरांह में टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के 21 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कहा कि टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भिक्षु जामयांग ने अपनी टीम के साथ झुग्गी झोपड़ी के बच्चों और उनके परिवारों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित करके समूचे समाज को एक नई प्रेरणा दी है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि यदि कोई दृढ़ निश्चय कर ले तो वह बड़े से बडा काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट में बच्चों को संस्कारों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। यहां के बच्चे प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास में किसी से कम नहीं हैं। संस्था का उद्देश्य सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों को बेहतर भविष्य देना है।

उन्होंने कहा कि भिक्षु जामयांग ने निस्वार्थ भाव से समाज के सबसे दुर्बल वर्ग की सेवा का जो बीड़ा उठाया था अब उसके परिणाम समाज के सामने हैं। कभी धर्मशाला की सड़कों पर कूड़ा बीनने और भीख मांगने वाले बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर आज डॉक्टर, इंजीनियर, पत्रकार, होटल मैनेजर एवं अन्य व्यवसायों में अपनी जगह बना रहे हैं। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। आर.एस. बाली ने इस अवसर पर टोंगलेन में कैंटीन का शुभारंभ किया, जिससे विद्यार्थियों और स्टाफ़ को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इस कैंटीन के माध्यम से स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन सभी को समय पर मिलेगा। उन्होंने टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट को 5 लाख रुपये देने की भी धोषणा की। इस अवसर पर टोंगलेन स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एसडीएम मोहित रतन, तेहसीलदार धर्मशाला गिरिराज, तेहसीलदार कांगडा और टोंगलेन संस्था के विभिन्न पदाधिकारी शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## स्वच्छता, जन-जागरूकता व सामुदायिक भागीदारी पर दिया जायेगा विशेष बल-विनय कुमार

**हमारा शौचालय हमारा भविष्य अभियान के तहत बैठक आयोजित**





**धर्मशाला।** जिले में 19 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक आयोजित किए जा रहे हमारा शौचालय, हमारा भविष्य अभियान के सफल संचालन हेतु आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा विनय कुमार ने की, जिसमें सभी खंड विकास अधिकारियों एवं स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित सैनेटरी कॉम्प्लेक्स की मरम्मत एवं सुधार कार्य को प्राथमिकता पर पूरा करवाएं, ताकि ये पूर्ण क्षमता के साथ आम जनता को सुविधाएं प्रदान कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि जनसामान्य को जागरूक किया जाए कि जहां आवश्यकता हो, वे अपने घरेलू शौचालयों की मरम्मत एवं रखरखाव समय पर सुनिश्चित करें।


उन्होंने बताया कि जिन परिवारों के पास शौचालय उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें वार्षिक कार्य योजना 2025-26 के तहत नए शौचालय स्वीकृत किए जाएंगे, ताकि जिला कांगड़ा में कोई भी परिवार खुले में शौच न करे।

## 25 दिसंबर को आयोजित होगी धर्मशाला मैराथन-2025: जफर इकबाल

**धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला एवं जिला प्रशासन धर्मशाला द्वारा बिगफुट एडवेंचर इंडिया के सहयोग से धर्मशाला मैराथन–2025 का आयोजन 25 दिसंबर को किया जाएगा। नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने बताया कि यह मैराथन धौलाधार की प्राकृतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को दुनिया तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि मैराथन में 3 किलोमीटर से लेकर 42.195 किलोमीटर तक कुल पाँच श्रेणियाँ होंगी, जिनमें देश–विदेश से बड़ी संख्या में धावकों के भाग लेने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। आयुक्त ने प्रतिभागियों और स्थानीय नागरिकों, युवाओं और संस्थाओं से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग की भी अपील की।

## समस्त शहरी स्थानीय निकाय जिला पर्यावरण योजना हेतु उपलब्ध कराएं अपडेटेड डाटा

**धर्मशाला।** जिला कांगड़ा की जिला पर्यावरण योजना के लिए जिला प्रशासन ने सभी शहरी स्थानीय निकायों को आवश्यक डेटा उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी किए हैं। जिला पर्यावरण योजना के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, सड़क सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कलेक्शन, अपशिष्ट प्रसंस्करण तथा अन्य पर्यावरणीय मापदंडों पर निरंतर प्रगति की समीक्षा की जा रही है। यह जानकारी सहायक पर्यावरण अभियंता, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, इंजीनियर वरुण गुप्ता ने आज उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक के दौरान दी।



बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों के एसडीएम उपस्थित थे। इंजीनियर गुप्ता ने कहा कि संबंधित विभाग नवीनतम प्रगति रिपोर्ट, अवसंरचना की स्थिति और उपलब्ध संसाधनों से जुड़ी सभी जानकारियों को शीघ्रता से अपडेट करें। उन्होंने बताया कि नगर निगम, नगर परिषदें और नगर पंचायतें घरेलू इकाइयों की संख्या, प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे की मात्रा, डोर-टू-डोर कलेक्शन की स्थिति, सड़क सफाई व्यवस्था, उपलब्ध वाहनों की संख्या, कम्पोस्टिंग यूनिट, बायोगैस प्लांट की स्थिति, प्लास्टिक कचरे के संग्रहण, निस्तारण एवं परिवहन से संबंधित जानकारी को भी अपडेट करें।

## आवश्यक सूचना

ब्पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

RNI NO: HARHIN/2002/08034, Postal Regd No. HR/AB/54/23-25, स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक एकान्ति राय गर्ग द्वारा जनपथ पब्लिशर्स, बूथ नं.: 437-पी (बी.पी.पेट्रोल पंप के पीछे) सेक्टर-8, पंचकूला से प्रकाशित। **सम्पादकः- एकान्ति रॉय गर्ग,** मुख्य कार्यालयः बूथ नंः 437-पी (बी.पी.पेट्रोल पंप के पीछे) सेक्टर-8 पंचकूला-134109 (हरियाणा)। मो.: 9915606900, email : hindjanpath@gmail.com, argarg1610@gmail.com ।

न्यूज डायरी

## एमसीएम छात्राओं ने किया मशरूम उद्यमिता का अन्वेषण



**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** विद्यार्थियों को व्यावसायिक मशरूम उत्पादन का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने और इस क्षेत्र में उद्यमिता की संभावनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ के वनस्पति विज्ञान विभाग ने इंस्टीट्यूशनस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के तत्वावधान में ज़ीरकपुर डेराबस्सी स्थित करकौर गाँव में बनीपाल मशरूम कल्टीवेशन फ़ार्म का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया।

फ़ार्म के मालिक श्री दविंदर सिंह बनीपाल ने छात्राओं को मशरूम उत्पादन के विभिन्न चरणों—कम्पोस्ट तैयार करना, स्पॉन विकास, केसिंग, पिनिंग और हार्वेस्टिंग—की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मशरूम को स्टार्टअप उद्यम के रूप में स्थापित करने से जुड़े वित्तीय पहलुओं, आय की संभावनाओं और चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। इस अनुभवात्मक यात्रा ने छात्राओं को एक सुव्यवस्थित मशरूम उत्पादन इकाई की नवोन्मेषी प्रक्रियाओं, संचालन तकनीकों और उद्यमिता की संभावनाओं के बारे में व्यवहारिक समझ प्रदान की।

कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती नीना शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अनुभवात्मक शिक्षण अवसर विद्यार्थियों में नवाचार, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सीआईएसएफ में 11,729 नए कांस्टेबल/जीडी शामिल

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** देश की आंतरिक सुरक्षा को और सुदृढ़ करते हुए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में 11,729 नए प्रशिक्षित कांस्टेबल/जीडी परिचालन इकाइयों में शामिल हो गए हैं। यह भर्ती सीएईएसएफ की परिचालन क्षमता में 8 प्रतिशत की वृद्धि सुनिश्चित करती है, जो हाल के वर्षों में किसी भी अद्धसैनिक बल का सबसे बड़ा विस्तार है। ये सभी जवान देशभर के छह क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों—बरवाहा (एमपी), देवली (राजस्थान), बेहरोर (राजस्थान), थक्कोलम (टीएन), भिलाई (छत्तीसगढ़) और मुंडली (ओडिशा) से पासिंग आउट परेड के पश्चात बल में शामिल हुए हैं।

सीआईएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह विस्तार गृह मंत्रालय द्वारा सीआईएसएफ की स्वीकृत संख्या बढ़ाकर 2.2 लाख किए जाने के बाद आया है, जिससे बल को बढ़ती राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में और मजबूती मिलेगी।

उन्होंने बताया कि सीआईएसएफ अभी 360 से अधिक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों जिनमें हवाई अड्डे, बंदरगाह, परमाणु संयंत्र, मेट्रो नेटवर्क, अंतरिक्ष केंद्र और औद्योगिक इकाइयां शामिल हैं की सुरक्षा करता है। नए जवानों से जेवर एयरपोर्ट, नवी मुंबई एयरपोर्ट, भाखड़ा बांध जैसे नए और उच्च-प्राथमिकता वाले प्रतिष्ठानों की सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करना संभव होगा। उन्होंने बताया कि नई तैनाती खतरे के स्तर, जनता की आवाजाही, पुरुष,महिला अनुपात, क्षेत्र-विशेष की जरूरतों और भर्ती कर्मियों की शैक्षणिक तकनीकी योग्यता के आधार पर की गई है।

# मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और अरविंद केजरीवाल ने श्रीनगर में कीर्तन दरबार में संगत के साथ की शिरकत

- **गुरु तेग बहादुर जी का महान जीवन और दर्शन संपूर्ण मानवता के लिए प्रकाश स्तंभ - अरविंद केजरीवाल**
- **लोगों को नौवें गुरु साहिब जी के प्रेम, धर्मनिरपेक्षता, सहनशीलता, धार्मिक स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के संदेश का पालन करने का आह्वान**



**हिन्द जनपथ**
**श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर)(ब्यूरो)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आज यहां गुरुद्वारा छेवीं पातशाही में राज्य सरकार द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित कीर्तन दरबार में सिख संगत के साथ शामिल हुए।

इक्ठ को संबोधित करते हुए, 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक ने लोगों को गुरु जी के प्रेम, धर्मनिरपेक्षता, सहनशीलता, धार्मिक स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के सार्वभौमिक संदेश का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने इसे मानवता और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए गुरु साहिब के सर्वोच्च बलिदान के संदेश को फैलाने का सार्थक अवसर बताया और कहा कि नौवें गुरु साहिब का जीवन और दर्शन विश्व के लिए प्रकाश स्तंभ बना हुआ है। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने इस महान आयोजन को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाने के लिए विस्तृत प्रबंध किए हैं।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब ने मानवता के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए अद्वितीय शहादत दी, ताकि दुनिया के सामने एक मिसाल कायम की जा सके। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने मानवाधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए दिल्ली में जो बलिदान दिया, वह विश्व इतिहास में बेमिसाल है।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि नौवें सिख गुरु जी धर्मनिरपेक्षता, एकता और विश्व भाईचारे के सच्चे प्रतीक थे। गुरु साहिब का जीवन और संदेश पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों का प्रमुख उद्देश्य लोगों को गुरु साहिब के महान जीवन, शहादत और मानवता के सदा रहने वाले संदेश के प्रति जागरूक करना है, जो विश्वभर में लाखों लोगों को प्रेरित करता है। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि गुरु तेग बहादुर जी ने धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद की और 1675 में दिल्ली के चांदनी चौक में शहीद हुए।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि कश्मीर के पंडित अपने धर्म की रक्षा हेतु सहायता मांगने गुरु तेग बहादुर जी के पास आए थे। उस समय के शासकों द्वारा कई प्रस्ताव देने के बावजूद गुरु जी ने अत्याचार के आगे झुकना स्वीकार नहीं किया और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए शहादत का मार्ग चुना। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी को दुनिया भर में पहले ऐसे शहीद के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने मानवाधिकारों के लिए अपना जीवन कुर्बान किया। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि विश्व इतिहास के पन्ने तपस्या, संयम, वीरता, बलिदान और सेवा के किस्सों से भरे पड़े हैं, लेकिन धार्मिक स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान ने मानव इतिहास में एक नया और अद्वितीय अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि शासकों के अत्याचार के आगे झुकने की बजाय गुरु जी ने अपनी बेमिसाल शहादत से अत्याचारी हकूमत की जड़ों को हिला दिया। उन्होंने कहा कि नौवें पातशाह जी की शहादत से पहले गुरु साहिब के दादा, पांचवें पातशाह श्री गुरु अर्जन देव जी ने भी मानवता और धर्म के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया था।

इस दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि हक, सत्य और धर्म की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान ने भारत के इतिहास को नया मोड़ दिया। उन्होंने कहा कि हम सिख धर्म में अपार श्रद्धा और विश्वास रखने वाले पंडित कृपा राम जी को श्रद्धांजलि और गहरा सम्माप अर्पित करते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंडित कृपा राम जी श्रीनगर से लगभग 65 किलोमीटर दूर स्थित मट्टन कस्बे के निवासी थे, और उनकी अगुवाई में कश्मीरी पंडितों ने अपने धर्म की रक्षा हेतु गुरु तेग बहादुर जी से मदद की गुहार लगाई थी।

## फर्जी मतदाता बनाकर लोकतंत्र को कलंकित कर रही है भाजपा: बीके हरि प्रसाद

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़/पलवल (ब्यूरो)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं हरियाणा प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने कहा कि फर्जी मतदाता बनाकर भाजपा लोकतंत्र को कलंकित कर रही है। यह मामला अब केवल चुनाव की गड़बड़ी नहीं रहा, बल्कि यह जनता के अधिकारों पर डाका है। हम यह लड़ाई संसद से लेकर सडक़ तक लड़ेंगे, जब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने लोगों से अपनी वोट के प्रति जागरूक हो संघर्ष करने का आह्वान किया है।




कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी बीके हरिप्रसाद बुधवार को पलवल में आयोजित वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के तहत आयोजित विशाल जनसभा में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सबसे पहले देश की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मी बाई को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि पलवल वह भूमि है, जहां पर 1919 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को गिरफ्तार किया गया था और पलवल के लोगों ने वंदे मातरम के जरिये देश में आजादी की लड़ाई को गति देन की नई अलख जगाई थी। राष्ट्रीय महासचिव बीके हरिप्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमलावर होते हुए कहा कि पिछले 11 वर्ष में केवल मन कर बात के प्रधानमंत्री सहित हुए हैं। और झूठ व झल से भाजपा का राज कर रहे हैं। पहले सांसद एवं विधायकों की खरीद कर सरकार बनाते रहे हैं अब वोट चोरी व ईवीएम में गडबडी कर भाजपा की सरकार बनवा रहे हैं और चुनाव आयोग पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में कार्य कर रहा है।

हरियाणा के बाद अब बिहार में भी वोटों की हेराफेरी करके चुनाव जीता है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव से पहले एसआईआर के नाम पर 65 लाख वोट काट दिए गए और 21 लाख नए वोट जोड़ दिए गए, इसका चुनाव आयोग के पास कोई जवाब नहीं है। क्योंकि चुनाव आयोग भाजपा की बी.टीम है।

# 26 नवंबर को पंजाब विधानसभा में होने वाले मॉक सत्र के लिए विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षणः स्पीकर

### मॉक सत्र की रिहर्सल में हिस्सा लेने के बाद विद्यार्थी बेहद खुश और उत्साहित दिखे



**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां ने बताया कि हम संविधान दिवस अर्थात 26 नवंबर, 2025 को पंजाब विधानसभा का एक मॉक सत्र आयोजित कर रहे हैं। इसके लिए पंजाब के 117 क्षेत्रों के विद्यार्थी मॉक सत्र की रिहर्सल हेतु पंजाब विधानसभा पहुंचे हैं, जहां हमारे संबंधित स्टाफ ने उन्हें प्रशिक्षण दिया है ताकि वे सदन में अपने क्षेत्र के मुद्दों को उठा सकें और उन पर चर्चा कर सकें। यह विद्यार्थियों में राजनीति के प्रति रुचि पैदा करने और भविष्य में नेतृत्व के गुण विकसित करने की एक अनोखी पहल है। इससे विद्यार्थी संविधान का व्यावहारिक ज्ञान सीखेंगे और वैधानिक प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझेंगे।

श्री संधवां ने बताया कि इस मॉक सत्र में केवल 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी ही हिस्सा ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये विद्यार्थी 117 विधानसभा क्षेत्रों से आए हैं और अपने-अपने विधायकों/मंत्रियों का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा उनकी भूमिकाएं निभाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि यदि कोई विद्यार्थी मुख्यमंत्री के क्षेत्र से आया है तो वह यहां मुख्यमंत्री की भूमिका निभाएगा और यदि कोई स्पीकर के क्षेत्र से आया है तो वह स्पीकर की भूमिका निभाएगा।

इसके अलावा स्पीकर ने कहा कि विद्यार्थियों को मॉक सत्र के दौरान प्रश्न पूछने का प्रशिक्षण दिया गया है। पंजाब विधानसभा के सचिव राम लोक खटाना ने स्वयं विद्यार्थियों को मॉक सत्र में प्रश्न पूछने और अपनी शंकाओं/प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी।

विद्यार्थियों के साथ हर जिले से उनके शिक्षक और कोऑर्डिनेटर भी आए थे। उन्होंने इस पहल के लिए पंजाब सरकार और स्पीकर का दिल से धन्यवाद किया। विद्यार्थियों ने कहा कि यह पंजाब सरकार की एक अद्वितीय और शानदार पहल है और उन्हें ऐसा महसूस हुआ जैसे उनके सपने सच हो गए हों। कुछ विद्यार्थी तो सिर्फ इस पहल के कारण पहली बार चंडीगढ़ आए थे। हर जिले से आए शिक्षकों और कोऑर्डिनेटरों ने पंजाब सरकार के इस निर्णय की सराहना की।

मॉक सत्र की रिहर्सल के दौरान विधायक मोहम्मद जमील उर रहमान, विधायक मनजीत सिंह बिलासपुर, विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू, विधायक बलकार सिद्धू और विधायक कुंवर विजय प्रताप सिंह भी मौजूद थे।

घनौरी कलां स्कूल ऑफ एमिनेंस, धूरी (संगरूर) के विद्यार्थी हरकमलदीप सिंह मुख्यमंत्री का प्रतिनिधित्व करेंगे; स्कूल ऑफ एमिनेंस, कोटकपूरा के जगमंदर सिंह स्पीकर का प्रतिनिधित्व करेंगे; और सरकारी आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कोटधंडल (कादियां) के हरप्रीत सिंह विपक्ष के नेता का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# राजकोषीय नीति से पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को बढ़ावा- जीएसटी 2.0 पर्यटन पुनरुत्थान को गति दे रहा है

## कम टैक्स, अधिक भरोसा और किफायती यात्रा में बढ़ोतरी, ये सभी भारतीयों के अपने देश को जानने-समझने के तरीके को फिर से तय कर रहे हैं

**लेखकः श्री ज्ञान भूषण और डॉ. प्रतीक घोष**

भारत में पर्यटन हमेशा घूमने-फिरने से कहीं ज़्यादा रहा हैः यह संस्कृतियों के बीच संवाद है, प्रदेशों के बीच एक पुल है और लाखों लोगों के लिए आजीविका का साधन है। फिर भी, दशकों तक, पर्यटन क्षेत्र पर अलग-अलग टैक्स, ज़्यादा लागत और असमान विकास का बोझ रहा। हालाँकि, हाल ही में पेश की गई वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की पुनर्संरचना इस गाथा को फिर से लिखने में मदद कर रही है।

होटल, परिवहन और सांस्कृतिक वस्तुओं की कम दर के कारण भारत के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के विकास बहुत बढ़ावा मिला है। इससे भी ज़रूरी बात यह है कि इसने आम यात्री को मज़बूत बनाया है, उनकी जेब में ज़्यादा पैसे आए हैं तथा इससे घूमने-फिरने, व्यवसाय और चिकित्सा पर्यटन पहले से कहीं ज़्यादा सस्ते हो गये हैं।

### सरल टैक्स, मज़बूत यात्रा अर्थव्यवस्था

सालों से, यात्रा ऑपरेटर, होटल और परिवहन सुविधा प्रदाता कई करों, जैसे सेवा कर, वैट और लग्ज़री कर के बीच संतुलन बनाए रखना पड़ता था; जो सभी राज्यों में अलग-अलग होता था। 2017 में जीएसटी आने से कुछ स्पष्टता आई, लेकिन 2025 का सुधार और आगे बढ़ गया है, जिसने सरलीकरण को प्रोत्साहन में बदल दिया है।

7,500 से कम कीमत वाले होटल के कमरों पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% करना परिवर्तनकारी साबित हो रहा है। जैसा कि एक बड़े अखबार के लेख में बताया गया है, इस कदम से मध्य आय-वर्ग के परिवारों और बजट यात्रियों- जो भारत के घरेलू पर्यटन का आधार हैं- के लिए यात्रा काफी सस्ती हो गयी है। इसके अलावा, यह विदेशी यात्रियों के लिए भी काफी सुगम होगा, क्योंकि यात्रा लागतें अब दूसरे देशों के मुकाबले ज़्यादा प्रतिस्पर्धी हो गई हैं।

होटल और होमस्टे ज़्यादा बुकिंग, ज़्यादा समय तक रुकने और ज़्यादा स्थानीय खर्च की रिपोर्ट दे रहे हैं। छोटे उद्यमियों और होमस्टे मालिकों के लिए, कम अनुपालन लागत और एक जैसे टैक्स फ्रेमवर्क ने व्यवसाय व्यावहारिकता को



बेहतर बनाया है और औपचारिक क्षेत्र को बढ़ावा दिया है, जो पैमाने और स्थायित्व की ओर एक शांत लेकिन शक्तिशाली बदलाव है।

### किफायती आवागमन: समावेश का संचालक

पर्यटन, परिवहन संपर्क-सुविधा पर फलता-फूलता है। इसीलिए यात्री परिवहन, खासकर 10 से ज़्यादा सीटों वाली बसों पर जीएसटी में 28% से 18% की कटौती, एक और गेम चेंजर है। इससे पता चलता है कि इस कदम ने तीर्थयात्रियों, छात्रों और परिवारों के लिए अंतर-शहरीय और समूह यात्रा को किस प्रकार ज़्यादा आसान बना दिया है। धार्मिक क्षेत्र से लेकर इको-पर्यटन पार्क और ग्रामीण इलाकों में घूमने की जगहों तक, किफायती आवागमन ने यात्रा को आसान बनाया है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित किया है।

एक ऐसे देश में, जहाँ पर्यटन क्षेत्रीय समानता के लिए एक माध्यम के रूप में कार्य करता है, वहाँ बस किराये में हुई हर बचत सशक्तिकरण का एक ज़रिया बन जाती है। सस्ते और स्वच्छ परिवहन विकल्प न सिर्फ़ पहुँच बढ़ाते हैं बल्कि प्राइवेट गाड़ियों के बजाय साझा यात्रा को बढ़ावा देकर भारत के सतत विकास लक्ष्यों में भी योगदान देते हैं।

### सांस्कृतिक निवेश: शिल्पकारों को सशक्त बनाना

भारत की अपील सिर्फ़ उसके परिदृश्यों या स्मारकों में ही नहीं, बल्कि उसकी जीती-जागती परंपराओं में भी मौजूद है। इसे मान्यता देते हुए,



सरकार ने कला और हस्तशिल्प उत्पादों पर भी जीएसटी को 12% से घटाकर 5% कर दिया। हाथ से बुनी हर कांचीपुरम साड़ी, नक्काशीदार चंदन की मूर्ति, या टेराकोटा लैंप एक कहानी कहता है और अब, हर एक शिल्प उत्पाद को सही दामों पर खरीदा जा सकता है।

यहां टैक्स कम करना सिर्फ़ एक आर्थिक इशारा नहीं है। यह एक सांस्कृतिक निवेश है। यह उस विविधता को बनाए रखता है, जो भारतीय पर्यटन की आत्मा है, साथ ही यह शिल्पकारों, जिनमें से कई महिलाएं और ग्रामीण उद्यमी हैं, को आजीविका का स्थायी साधन देता है।

### संगठित क्षेत्र बनने के प्रति भरोसा

जीएसटी के सबसे लंबे समय तक चलने वाले फायदों में से एक है– स्पष्टता और सही अनुमान। छोटे होटल, यात्रा ऑपरेटर और यात्रा एजेंसियां अब राज्य-विशेष टैक्स को समझने के बजाय एक ही राष्ट्रीय टैक्स फ्रेमवर्क के तहत काम करती हैं। संगठित क्षेत्र बनने के प्रति यह भरोसा ऋण, बीमा और डिजिटल भुगतान प्रणाली के दरवाज़े खोलता है जो उन छोटे व्यवसायों के लिए जीवनरेखा है, जो कभी असंगठित तरीके से चलते थे। यह निवेशकों और उद्यमियों के बीच भरोसा भी बढ़ाता है, जिससे इको-लॉज और हेरिटेज स्टे से लेकर आरोग्य स्थल तक, यात्रा अनुभव में नवाचार होता है।

### चिकित्सा पर्यटन: एक स्वस्थ प्रोत्साहन

भारत का उभरता हुआ चिकित्सा पर्यटन क्षेत्र, जो पहले से ही एशिया में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक है, नए जीएसटी दरों का एक और बड़ा लाभार्थी है। होटल और परिवहन पर कम टैक्स से उन अंतर्राष्ट्रीय मरीज़ों के लिए इलाज पैकेज का खर्च सीधे तौर पर कम हो जाता है जो सस्ती कीमतों पर विश्व-स्तरीय स्वास्थ्य देख-भाल के लिए भारत आते हैं।

इलाज को आराम, पोषण और व्यापक देख-भाल के साथ जोड़कर एकीकृत उपचार अनुभव देने के लिए अस्पताल, आरोग्य केंद्र और आतिथ्य श्रृंखला तेज़ी से मिलकर काम कर रहे हैं। रहने की प्रतिस्पर्धी लागत और आसान यात्रा लॉजिस्टिक्स के साथ, भारत अफ्रीका, मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया के उन मरीज़ों के लिए और भी मज़बूत गंतव्य बन रहा है, जो पश्चिमी देशों की तुलना में पाँचवें हिस्से के खर्च में अच्छी चिकित्सा देख-भाल चाहते हैं।

### वैश्विक प्रतिस्पर्धा और आर्थिक प्रभाव

वैश्विक स्तर पर, किफ़ायती खर्च यात्रा के विकल्प तय करता है और हाल तक, भारत थाईलैंड, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धियों से पीछे था, जो कम होटल टैक्स और आसान उप-कर के लिए जाने जाते थे। नई जीएसटी प्रणाली इस अंतर को कम करती है। तर्कसंगत दरों के साथ, भारत अब आयुर्वेद रिट्रीट्स और इको-पर्यटन लॉज से लेकर लग्ज़री हेरिटेज होटलों तक, वैश्विक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर विश्व-स्तरीय अनुभव देता है।

यह क्षेत्र अभी भारत की जीडीपी में लगभग 5% का योगदान देता है और 80 मिलियन से ज़्यादा लोगों को आजीविका देता है। लगातार टैक्स सुधार और अवसंरचना निवेश के साथ, विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह योगदान 2030 तक दोगुना हो सकता है, जिससे रोजगार, उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण के लिए फ़ायदे कई गुना बढ़ जाएंगे।

### स्थानीय विकास, वैश्विक गाथा

आम नागरिकों के लिए, इन सुधारों के फ़ायदे बहुत व्यक्तिगत हैं। एक परिवार, जो कभी ज़्यादा होटल खर्च के कारण छुट्टियां टाल देता था, अब यात्रा को किफायती पाता है। छात्र अध्ययन यात्रा कर सकते हैं, तीर्थयात्री आरामदायक यात्रा कर सकते हैं और दूर-दराज गांवों के कारीगर अपने उत्पाद उन पर्यटकों को बेच सकते हैं, जो उनकी कला की तारीफ़ करते हैं।

### सांस्कृतिक रूप से भरोसेमंद और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारत की ओर

जीएसटी रेट में बदलाव, सिर्फ़ कागज़ पर लिखी संख्या के बारे में नहीं है। यह सशक्तिकरण के दर्शन को प्रतिबिंबित करता है कि हर नागरिक को भारत के व्यापक सांस्कृतिक परिदृश्य में यात्रा करने, सीखने और जुड़ने में सक्षम होना चाहिए। पर्यटन को ज़्यादा किफायती, आवागमन को ज़्यादा समावेशी, और उद्यम को ज़्यादा व्यावहारिक बनाकर, ये सुधार अर्थव्यवस्था को लोगों के करीब लाते हैं। ये स्थानीय विरासत से जुड़े रहते हुए वैश्विक प्रतिस्पर्धा के प्रति भारत की तैयारी का भी संकेत देते हैं।

यात्री के लिए, इसका मतलब है ज़्यादा छुट्टियां और बेहतर अनुभव। उद्यमी के लिए, इसका मतलब है ज़्यादा अवसर। भारत के लिए, इसका मतलब है, ऐसी प्रगति जो व्यक्तिगत लगे, जहाँ हर सफ़र एक ज़्यादा जीवंत, समान और भरोसेमंद देश की ओर एक कदम बन जाए।

**लेखकः श्री ज्ञान भूषण, (आई ई एस), वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार, पर्यटन मंत्रालय और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी), भारत सरकार**
**डॉ. प्रतीक घोष, विभागाध्यक्ष, डॉ. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, चंडीगढ़**
**(इस लेख में व्यक्त विचार लेखकों की निजी राय हैं)**

## पंजाब में वीआईपी सुरक्षा भी गैंगस्टरों के सामने बौनी : चुग

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़/अमृतसर(ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने अमृतसर में राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री भगवंत मान की मौजूदगी के बावजूद शहर में हुई गोलीबारी और हत्या की घटनाओं पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। चुग ने कहा कि यह घटनाएं पंजाब की कानून-व्यवस्था की भयावह सच्चाई को सामने रखती हैं और यह साबित करती हैं कि आम आदमी की सुरक्षा इस सरकार की प्राथमिकता में कहीं नहीं है।



चुग ने कहा कि जिस शहर में राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री एक साथ मौजूद हों और उसी समय गोलियां चलती रहें, हत्याएं होती रहें, वहाँ की स्थिति खुद बता रही है कि पंजाब किस दिशा में जा रहा है। चुग ने कहा कि जब वीआईपी सुरक्षा और भारी पुलिस बंदोबस्त भी गैंगस्टरों को नहीं रोक पा रहे, तो बाकी पंजाब के लोगों की स्थिति कितनी असुरक्षित होगी—इसका अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है।चुग ने जोड़ा कि मान सरकार सिर्फ दिखावटी कार्यक्रमों, फोटो-ऑप और झूठे दावों में उलझी हुई है। जमीन पर कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। गैंगस्टरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें न सरकार का डर है, न पुलिस की मौजूदगी का। पंजाब के लोगों को आज शांति, सुरक्षा और स्थिरता की आवश्यकता है, लेकिन सरकार कागज़ी दावों और प्रचार तक ही सीमित है। चुग ने कहा कि पंजाब को अराजकता की ओर धकेलने वाली यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक राज्य में स्वीकार्य नहीं हो सकती।

**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा**
**खुली निविदा संख्या 41-अम्बाला/2025-26 दिनांक 19.11.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15.00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

1 **कार्य का नामः** एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/वर्क्स–एम/यूएमबी के अनुभाग में अंबाला कैंट गुड्स शेड में लाइन नंबर 9 पर अवसंरचनात्मक सुविधाओं में सुधार, जल छिड़काव प्रणाली, एनजीटी दिशानिर्देश के संबंध में शेष कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 2,95,78,344 | 2,97,900 | 06 महीने | 12.12.2025 |

2 **कार्य का नामः** झांसी/कबरई खदान से तथा (रेलवे द्वारा नामित खदान से रेलवे वैगन में) रेक सप्लाई के माध्यम से, सैस (Cess) पर निर्देशानुसार 65 मिमी गेट की मशीन से क्रश की गई सख्त पत्थर की गिट्टी, जो रेलवे विशिष्टता IS/RDSO-CE/000:2023 (फरवरी 2023) तथा नवीनतम करेक्शन स्लिप के अनुरूप हो, की सप्लाई और स्टैकिंग Sr.DEN/I/UMB के अनुभाग में।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1,65,55,791 | 2,32,800 | 12 महीने | 12.12.2025 |

3 **कार्य का नामः** एडीईएन/ट्रैक/यूएमबी के अधीन एसएसई/पी.वे/ट्रैक डिपो/अंबाला कैंट के अंतर्गत ट्रैक मशीनों के लिए टैम्पिंग टूल्स की रीकंडीशनिंग।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 11,25,150 | 22,500 | 12 महीने | 12.12.2025 |

4 **कार्य का नामः** निरीक्षण गड्ढे का पुनर्निर्माण, आरडब्ल्यूपी के साथ घाटी नाली का प्रतिस्थापन और डीएसएल शेड यूएमबी की अन्य मरम्मत।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 80,74,580 | 1,61,500 | 04 महीने | 12.12.2025 |

**नोटः-** **1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **3597/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बिहार में सरकार गठन की तैयारी तेज: नीतीश कुमार चुने गए JDU व सम्राट चौधरी BJP विधायक दल के नेता

**पटना–** बिहार में नई सरकार गठन से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी और जनता दल (यूनाइटेड) ने अपने-अपने विधायक दल की बैठकें आयोजित कीं, जिनमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

JDU ने अपनी विधायक दल की बैठक में नीतीश कुमार को फिर से दल का नेता चुना। राज्य मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि यह निर्णय NDA के घटक दलों की संयुक्त बैठक से पहले लिया गया, जहां नीतीश को गठबंधन का नेता चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है।

पटना में आयोजित BJP विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से नेता चुना गया। बैठक में मौजूद उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इसकी घोषणा की। इसके साथ ही विजय कुमार सिन्हा को BJP विधायक दल का उपनेता चुना गया।

सम्राट चौधरी ने हाल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनाव में तारापुर सीट से जीत हासिल की, जबकि विजय कुमार सिन्हा ने लखीसराय सीट पर अपनी जीत दोहराई।

बता दें, नीतीश कुमार गांधी मैदान, पटना में गुरुवार को 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड है।



### सत्ता का समीकरण, नए मंत्रिमंडल में पदों को लेकर राजग सहयोगियों के बीच जोर-आजमाइश जारी

**पटना:** बिहार में नई सरकार के गठन से एक दिन पहले भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों के बीच मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी को लेकर जोर-आजमाइश जारी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष नीतीश कुमार 20 नवंबर को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री सहित राजग के कई शीर्ष नेता शामिल होंगे। भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों ने बताया कि शाह बुधवार रात पटना पहुंच सकते हैं। विधानसभा अध्यक्ष के पद को लेकर राजग सहयोगियों में सहमति बन गई है। भाजपा के प्रेम कुमार को अध्यक्ष बनाया जा सकता है, जबकि उपाध्यक्ष पद जदयू को मिलेगा। नए मंत्रिमंडल में राजग के मुख्य घटक- भाजपा और जदयू- से पांच से छह नए चेहरे शामिल होंगे। महनार से नवनिर्वाचित विधायक एवं जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के भी मंत्रिमंडल में शामिल होने की संभावना है। जहां जदयू नई सरकार में अपने वर्तमान मंत्रियों को बरकरार रख सकती है।

## न्यूज डायरी

### गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई पहुंचा दिल्ली, एनआईए ने किया गिरफ्तार




**नई दिल्ली–** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और करीबी साथी अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किए जाने पर बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या, अप्रैल 2024 में बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर पर गोलीबारी, पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या समेत कई अन्य अपराधों में वांछित अनमोल को मंगलवार को अमेरिका से ''निर्वासित'' कर दिया गया।

उसे पिछले साल नवंबर में अमेरिका में हिरासत में लिया गया था। वर्ष 2022 से फरार अमेरिका में रह रहा अनमोल जेल में बंद अपने भाई लॉरेंस बिश्नोई के नेतृत्व वाले आतंकी-सिंडिकेट में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार होने वाला 19वां आरोपी है।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि अनमोल के खिलाफ एनआईए ने मार्च 2023 में आरोपपत्र दाखिल किया था, जब मामले की जांच में यह बात सामने आई थी कि उसने 2020-2023 की अवधि के दौरान देश में विभिन्न आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने में घोषित आतंकवादी गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई की सक्रिय रूप से सहायता की थी।

इसमें कहा गया है कि अनमोल ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के लिए अमेरिका से ''आतंकी सिंडिकेट चलाना'' और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देना जारी रखा, इसके लिए उसने जमीनी स्तर पर अपने गुर्गों का इस्तेमाल किया। एनआईए की जांच से पता चला कि अनमोल ने गिरोह के शूटर और जमीनी कार्यकर्ताओं को आश्रय और रसद सहायता प्रदान की थी।

बयान में कहा गया है कि वह अन्य गैंगस्टरों की मदद से विदेशी धरती से भारत में जबरन वसूली में भी शामिल था। एनआईए आतंकवादियों, गैंगस्टरों और हथियार तस्करों के बीच गठजोड़ को ध्वस्त करने के अपने प्रयासों के तहत इस मामले की जांच कर रही है, जिसमें उनका बुनियादी ढांचा और धन जुटाने के माध्यम भी शामिल हैं।

### सिडनी में 8 महीने की गर्भवती भारतीय महिला की BMW की टक्कर से मौत

**चंडीगढ़–** समन्विता धरेश्वर की लिंक्डइन प्रोफाइल से पता चलता है कि वह एक अनुभवी आईटी सिस्टम विश्लेषक थीं।

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 33 वर्षीय गर्भवती भारतीय महिला समन्विता धरेश्वर की मौत हो गई। वह आठ महीने की गर्भवती थीं और सिर्फ कुछ ही हफ्तों बाद अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली थीं।

घटना पिछले शुक्रवार रात की है, जब समन्विता अपने पति और तीन वर्षीय बेटे के साथ शाम की सैर पर निकली थीं। पुलिस के अनुसार, George Street, Hornsby पर लगभग 8 बजे एक Kia Carnival वाहन ने परिवार को सड़क पार करने देने के लिए गति धीमी की थी। उसी समय पीछे से तेज रफ्तार में आ रही BMW ने Kia को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि Kia आगे की ओर धकेल दी गई और उसने कार ने पार्क के प्रवेश द्वार पर चल रही समन्विता को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तुरंत Westmead Hospital ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उनकी और उनके अजन्मे बच्चे की जान नहीं बचा सके।

पुलिस ने BMW चलाने वाले युवक की पहचान 19 वर्षीय आरोन पापाज़ोग्लू के रूप में की है, जो P-plate ड्राइवर (नौसिखिया चालक श्रेणी) है। हादसे में Kia और BMW के ड्राइवर सुरक्षित बच गए। पुलिस ने यह नहीं बताया कि समन्विता के पति या बेटे को चोट आई या नहीं।

समन्विता धरेश्वर के LinkedIn प्रोफाइल के अनुसार, वह IT सिस्टम एनालिस्ट थीं और बिज़नेस एप्लिकेशन एडमिनिस्ट्रेशन एवं सपोर्ट में अनुभवी थीं। वह Alsco Uniforms में टेस्ट एनालिस्ट के पद पर कार्यरत थीं।

आरोपी पापाज़ोग्लू को बाद में उसके घर से गिरफ्तार किया गया और उस पर लगे आरोप हैं- खतरनाक ड्राइविंग से मौत, लापरवाही से मौत, भ्रूण की मृत्यु का कारण बनने का आरोप। मजिस्ट्रेट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी।

### एबीसी रिपोर्टर मैरी ब्रूस के तीखे सवालों से नाराज हुए ट्रंप, लाइसेंस रद्द करने की दी धमकी

**न्यूयॉर्क–** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को 'एबीसी न्यूज' की पत्रकार मैरी ब्रूस पर निशाना साधते हुए उन्हें ''बेहद खराब रिपोर्टर'' बताया और उनसे तीखे सवाल पूछे जाने के बाद समाचार संगठन के प्रसारण का लाइसेंस रद्द करने की धमकी दी।

एबीसी न्यूज की व्हाइट हाउस के लिए मुख्य संवाददाता ओवल ऑफिस में उन पत्रकारों में शामिल थीं, जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से सवाल पूछने की अनुमति थी। ब्रूस ने ट्रंप से पूछा कि क्या राष्ट्रपति पद पर रहते हुए उनके परिवार का सऊदी अरब



में व्यापार करना उचित है।

इससे पहले कि ट्रंप जवाब दे पाते, ब्रूस ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से पूछा कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने निष्कर्ष निकाला कि आपने एक पत्रकार की हत्या की साजिश रची। 9/11 पीड़ितों के परिजन आपके यहां आने से नाराज हैं। अमेरिकी आप पर क्यों भरोसा करें? और यही सवाल आपसे भी, राष्ट्रपति ट्रंप। इन सवालों के बाद ट्रंप ने एबीसी को ''फेक न्यूज'' बताया और सऊदी अरब में अपने परिवार के व्यावसायिक हितों का बचाव किया।

राष्ट्रपति ने अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि क्राउन प्रिंस का 2018 में पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या में कुछ न कुछ हाथ था। बाद में ट्रंप ने ब्रूस की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने प्रिंस से ''बेहद खराब प्रश्न'' पूछा।

यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन पर एक सवाल पूछे जाने पर ट्रंप ने ब्रूस से कहा कि आप एक खराब रिपोर्टर हैं। आपके सवाल पूछने का तरीका गलत है। ट्रंप ने कहा, ''मुझे लगता है कि एबीसी का लाइसेंस रद्द कर देना चाहिए क्योंकि आपकी खबरें बहुत फर्जी और गलत हैं।

## 415 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी! Al Falah Group के चेयरमैन सिद्दीकी 13 दिन की ED हिरासत में

**नयी दिल्ली:** दिल्ली की एक अदालत ने अल फलाह ग्रुप (Al Falah Group) के चेयरमैन जव्वाद अहमद सिद्दीकी को 13 दिन की प्रवर्तन निदेशालय (ED) की हिरासत में भेज दिया है। अदालत ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी में ऐसे ठोस आधार मौजूद हैं जिनसे यह विश्वास किया जा सकता है कि उन्होंने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और धन शोधन (money laundering) को अंजाम दिया है।

यह आदेश अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने गत देर रात अपने कैंप कार्यालय में पारित किया। आदेश में दर्ज है कि सिद्दीकी को 18 नवंबर देर रात PMLA की धारा 19 के तहत औपचारिक तौर पर गिरफ्तार किया गया। ED ने उनसे पूछताछ के लिए हिरासत मांगी थी, ताकि कथित अपराध से जुड़े धन के प्रवाह, गलत मंजूरियों और दस्तावेजों के संबंध में जांच पूरी की जा सके।




ED ने अदालत को बताया कि Al-Falah यूनिवर्सिटी और इसके संस्थानों ने समाप्त हो चुकी NAAC ग्रेडिंग को मान्य दिखाया। UGC Act की धारा 12(B) के तहत मान्यता प्राप्त होने का झूठा दावा किया, जबकि विश्वविद्यालय ने इसके लिए आवेदन भी नहीं किया था। ऐसे दावों के आधार पर छात्रों और अभिभावकों को भ्रमित कर 2018-19 से 2024-25 के बीच लगभग 415 करोड़ रुपये फीस के रूप में वसूले गए। अदालत ने माना कि छात्रों को गुमराह कर वसूला गया यह पैसा धोखाधड़ी से अर्जित 'प्रोसीड्स ऑफ क्राइम' की श्रेणी में आता है।

### अयोध्या : 25 नवंबर को राम मंदिर में आम भक्तों को नहीं मिलेगी एंट्री

**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियां चल रही हैं। 25 नवंबर को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें कई विशेष मेहमान शामिल होने वाले हैं। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारियों की जानकारी दी और कहा कि ध्वज चढ़ाने का ट्रायल सफल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे देख भी लिया है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि मंदिर क्षेत्र में सफाई अभियान चल रहा है। 7,500 लोगों को आमंत्रित किया गया है। 7,000 आमंत्रित लोग अयोध्या और पूर्वी उत्तर प्रदेश के हैं। अयोध्या के लगभग तीन हजार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के तीन हजार लोगों को आमंत्रित किया गया है। चंपत राय ने बताया कि 600 लोग मंदिर निर्माण में लगी संस्थाएं और कर्मचारी शामिल होंगे। बड़ी संख्या सुरक्षाकर्मियों की है। कार्यक्रम के लिए 19 ब्लॉक बनाए गए हैं। जिलों के अनुसार, रंग निर्धारित कर दिए गए हैं, जिससे लोगों को परेशानी न हो। पार्किंग की भी ठीक व्यवस्था की जा रही है। सात जगहों पर भोजनालय की व्यवस्था है। दस मिनट पैदल चलने के बाद भोजन मिल सकेगा। रात को भी रुकने की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर के बाहर लगभग 100 से अधिक होम स्टे और आश्रम किराए पर लिए गए हैं। हमने 1,800 कमरे किराए पर लिए हैं। अयोध्या जनपद के लोगों को छोड़कर अन्य जिलों से आए लोगों के रहने की व्यवस्था इन्हीं कमरों में की गई है। सभी से निवेदन किया गया है कि 24 नवंबर को ही आ जाएं।

कार्यक्रम में सुरक्षा के लिहाज से मोबाइल की अनुमति नहीं होगी। लाइसेंसी हथियार, पीएसओ, गनर को कार्यक्रम में प्रवेश नहीं मिलेगा।

## दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण उपायों में वाहनों की उम्र ही नहीं, बल्कि तय की गयी दूरी पर भी विचार करने की ज़रूरत : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली–** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण का आकलन सिर्फ़ उनकी उम्र के आधार पर नहीं किया जा सकता है बल्कि वाहनों द्वारा तय की गई दूरी को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।



प्रख्यात पर्यावरणविद् एमसी मेहता मामले में दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि कुछ वाहन एक साल में 30,000 किलोमीटर से ज़्यादा चल सकते हैं, जबकि अन्य, जैसे आधिकारिक अदालती वाहन पाँच साल में 15,000 किलोमीटर भी नहीं चल पाते हैं।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने एक दिन पहले एक लेख पढ़ा था, जिसका हवाला देते हुये उन्होंने कहा 'किसी वाहन की उम्र का प्रदूषण उत्सर्जन से कोई लेना-देना नहीं है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि उसका कितना इस्तेमाल किया गया है।'

केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने न्यायालय का ध्यान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने वाले अपने पूर्व आदेश की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि जहाँ बीएस-4 वाहनों को जीआरएपी प्रतिबंधों से छूट दी गई है वहीं 15 वर्ष पुराने बीएस-3 वाहनों के लिए भी इसी तरह की छूट पर विचार किया जाना चाहिए।

न्यायालय ने अपने आदेश में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को संबंधित हितधारकों से परामर्श के बाद वायु प्रदूषण कम करने के लिए उचित उपाय करने की अनुमति दी। वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने न्यायमित्र के रूप में न्यायालय की सहायता की। सीएक्यूएम की कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा के लिए अब यह मामला मासिक रूप से सूचीबद्ध किया जाएगा।

पीठ ने सीएक्यूएम द्वारा ग्रेप - 3 के तहत प्रतिबंधों को ग्रेप -2 में करने के प्रस्ताव पर कहा कि प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से किसी भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई का स्वागत किया जाएगा।

### दिल्ली ब्लास्ट पर पाकिस्तानी सियासतदां का शर्मनाक कुबूलनामा, 'हमने कहा था लाल किले से कश्मीर तक करेंगे अटैक'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सियासतदां ने लाल किला आत्मघाती हमले को लेकर अपने ही देश की पोल खोल कर रख दी है। कुबूल किया है कि दिल्ली के लाल किले में 10 नवंबर को हुआ धमाका इस्लामाबाद ने कराया था। दरअसल, एक बुधवार को एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें एक शख्स दिखाई दे रहे हैं। इन्हें हाल ही में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओजेके) के तथाकथित 'प्रधानमंत्री' पद से हटाया गया है और इनका नाम चौधरी अनवारुल हक है।



ये वीडियो पीओके असेंबली का बताया जा रहा है। इस वीडियो क्लिप में हक बेशर्मी से लाल किला बम धमाके को जायज ठहरा रहे हैं। वो कह रहे हैं, 'मैंने कहा था कि अगर आप बलूचिस्तान में खून बहाते रहेंगे तो लाल किले से लेकर कश्मीर के जंगलों तक घुसकर मारेंगे। अल्लाह के करम से चंद दिनों बाद हमने अंदर घुसकर मारा और ऐसा मारा कि आज तक उनकी गिनती पूरी नहीं हुई।'

दिल्ली बम धमाके को लेकर भारत की जांच जारी है। इसमें जैश-ए-मोहम्मद की संलिप्तता कंफर्म कर दी गई है। इस हमले में 13 लोगों की जान चली गई थी।

विश्लेषकों का मानना है कि पाकिस्तान की ये ध्यान भटकाने की कोशिश है। विस्फोट की जांच से साफ पता चलता है कि वो कुछ समय के लिए जम्मू-कश्मीर से ध्यान हटाकर अंदरूनी इलाकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है।

साथ ही, पाकिस्तान स्थित कई सोशल मीडिया अकाउंट भारतीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के इरादे से कुछ फर्जी ऑनलाइन खबरें भी चला रहे हैं।

पाकिस्तान इस क्षेत्र में उग्रवाद और आतंक का अग्रदूत बनता जा रहा है, इसलिए उसकी कुख्यात इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) पूरे भारत में बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान चलाने और इसी तरह के मॉड्यूल स्थापित करने की फिराक में है।

## 2030 तक 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचेगा भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार: एस जयशंकर

**मॉस्को।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर इन दिनों रूस की यात्रा पर हैं। उन्होंने बुधवार को येकातेरिनबर्ग और कजान में भारत के महावाणिज्य दूतावासों के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि ये वाणिज्य दूतावास 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने के हमारे संयुक्त प्रयासों में योगदान देंगे। इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है, जब हम इस देश में दो और महावाणिज्य दूतावास खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में इन वाणिज्य दूतावासों की स्थापना के लिए निरंतर कार्य चल रहा है, इसलिए सबसे पहले मैं रूसी सरकार से मिले समर्थन की सराहना करता हूं।

विदेश मंत्री ने कहा कि येकातेरिनबर्ग को अक्सर अपने औद्योगिक महत्व के कारण रूस की तीसरी राजधानी कहा जाता है और यह साइबेरिया का प्रवेश द्वार है। भारी इंजीनियरिंग, रत्न-कटाई, रक्षा निर्माण, धातु विज्ञान, परमाणु ईंधन, रसायन और चिकित्सा उपकरणों के लिए प्रसिद्ध यह क्षेत्र रूस में इन्नोप्रोम जैसे सबसे प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंचों में से एक की मेजबानी करता है।

उन्होंने कहा कि वाणिज्य दूतावास के खुलने से भारतीय और रूसी उद्योगों के बीच तकनीकी, वैज्ञानिक, आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को सक्षम और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।



जयशंकर ने कहा कि कजान रूस के सबसे आकर्षक शहरों में से एक है। यह क्षेत्र एक बहु-सांस्कृतिक और बहु-जातीय केंद्र है और रूस और शेष एशिया के बीच एक सेतु का काम करता है। यह वाणिज्य दूतावास, अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आईटीईसी भागीदारी को प्रोत्साहित करके लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने में मदद करेगा। कजान अपने तेल उत्पादन और शोधन, उर्वरकों, ऑटोमोबाइल, रक्षा निर्माण, फार्मास्यूटिकल्स और विद्युत उपकरणों के लिए प्रसिद्ध है। मुझे विश्वास है कि दो नए वाणिज्य दूतावासों के खुलने से भारत-रूस संबंध और मजबूत होंगे और यह निश्चित रूप से हमारे संबंधों में एक नए चरण की शुरुआत करेगा।

जयशंकर ने कहा कि रूस में एक बड़ा और विविध भारतीय प्रवासी समुदाय है, जिसमें आज 30,000 से ज्यादा भारतीय छात्र शामिल हैं। इनमें से लगभग 7000 लोग कजान में भारतीय महावाणिज्य दूतावास के अधिकार क्षेत्र में रहते हैं और 3000 लोग येकातेरिनबर्ग के अधिकार क्षेत्र में रहते हैं, और मुझे विश्वास है कि भारतीय प्रवासी, व्यापारिक समुदाय, और विशेष रूप से हमारे युवा छात्र इन दोनों क्षेत्रों में भारत की वाणिज्य दूतावास सेवाओं और राजनयिक उपस्थिति से लाभान्वित होंगे।

उन्होंने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि इन वाणिज्य दूतावासों के खुलने से न केवल रूस में हमारी राजनयिक उपस्थिति बढ़ेगी, बल्कि यह व्यापार, पर्यटन, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी, और यहां तक कि हमारे दोनों देशों के बीच शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को और बढ़ावा देने में भी उत्प्रेरक का काम करेगा।

## अशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड ने क्यू2 एफवाय26 में 540 बेसिस पॉइंट्स की ईबीआईटीडीए मार्जिन वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी।** अशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड ( , भारत के प्रमुख बी2बी ज्वेलरी निर्माताओं में से एक, ने क्यू2 और एच1 एफवाय26 के लिए अपने अविशोधित वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट की। अशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक श्री जितेंद्र कुमार सोनी ने वित्तीय प्रदर्शन पर बोलते हुए कहा, हमें क्यू2 एफवाय26 में एक और मजबूत तिमाही का प्रदर्शन साझा करते हुए खुशी हो रही है, जिसमें पीएटी सालाना आधार पर 145 प्रतिशत बढ़ा और ईबीआईटीडीए दोगुना से अधिक हो गया। हमारी ईबीआईटीडीए मार्जिन 540 बेसिस पॉइंट्स बढ़कर 11.20 प्रतिशत हो गई, और पीएटी मार्जिन 428 बेसिस पॉइंट्स बढ़कर 8.27 प्रतिशत हो गई। यह असाधारण सुधार हमारे अनुशासित कार्यान्वयन, परिचालन दक्षता और हमारे बी2बी ज्वेलरी बिजनेस मॉडल की अंतर्निहित ताकत को दर्शाता है। हमें इस तिमाही में बिक्री मात्रा में मजबूत गति देखकर भी समान रूप से प्रसन्नता है। हमारे भिन्न उत्पाद पोर्टफोलियो की निरंतर मांग और प्रमुख रिटेल चेन में हमारे डिज़ाइन-प्रधान ऑफ़रिंग्स की बढ़ती स्वीकृति के कारण बिक्री मात्रा सालाना आधार पर 20 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 145.07 किलोग्राम हो गई। मात्रा में यह निरंतर वृद्धि हमारे ज्वेलरी कलेक्शंस के लिए बाजार की मजबूत मांग को दर्शाती है और उत्पाद उत्कृष्टता सुनिश्चित करते हुए पैमाने का निर्माण करने की हमारी रणनीति को सत्यापित करती है।

## आखिरी मौकाः सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2026 के आवेदन की आखिरी तारीख 30 नवम्बर

**मुंबई, एजेंसी।** सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2026 के ऐप्लीकेशन्स 30 नवम्बर को बंद हो रहे हैं। ऐसे में वे उम्मीदवार जो लीगल प्रोफेशनल बनने की इच्छा रखते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि जल्द से जल्द इस एप्लीकेशन प्रक्रिया को पूरा कर लें। परीक्षा की दिनांक 20 दिसम्बर 2025 (शनिवार) और 28 दिसम्बर 2025 (रविवार) हैं। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा संचालित एसएलएटी के ज़रिए उम्मीदवार पुणे, नोएडा, हैदराबाद और नागपुर में स्थित सिम्बायोसिस लॉ स्कूलों के प्रीमियर अंडरग्रेजुएट लॉ प्रोग्राम में प्रवेश पा सकते हैं। स्लाट की खास बात यह है कि छात्रों को दो बार परीक्षा देने का मौका मिलता है और प्रवेश के लिए दोनों में से सर्वश्रेष्ठ स्कोर पर विचार किया जाता है। एसएलएटी 2026 का संचालन देश भर के 68 शहरों में किया जाएगा और इसके ज़रिए लीगल स्टडीज़ के लिए छात्रों के एप्टीट्यूड का मूल्यांकन किया जाएगा। परीक्षा कम्प्यूटर-बेस्ड टेस्ट यानि सीबीटी फोर्मेट में होगी, 60 मिनट में कुल 60 सवालों के जवाब देने होंगे। परीक्षा साल में एक बार केवल दिसम्बर में होती है। इसमें पांच मुख्य सेक्शन होते हैं: लॉजिकल रीज़निंग, लीगल रीज़निंग, एनालिटिकल रीज़निंग, रीडिंग कॉम्प्रीहेन्शन और जनरल नॉलेज। हर सेक्शन में 12 सवाल होते हैं। गौरतलब है कि एसएलएटी 2026 में कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी, ऐसे में यह लॉ के प्रवेश की अन्य परीक्षाओं से अलग है। एसएलएटी 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन और पेमेंट की प्रक्रिया 30 नवम्बर 2025 (रविवार) को बंद हो जाएगी। इस परीक्षा के ज़रिए छात्र प्रतिष्ठित इंटीग्रेटेड लॉ प्रोग्रामों में प्रवेश पा सकते हैं जैसे: बी.ए. एलएल.बी. (ऑनर्स), बी.बी.ए. एलएल.बी. (ऑनर्स), बी.ए. एलएल.बी., बी.बी.ए. एलएल.बी., और बी.कॉम एलएल.बी. (ऑनर्स), जो एसएलएस पुणे के तहत एक नया लॉन्च किया गया पाठ्यक्रम है।

## 69 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को नहीं मिलेंगे 8वें वेतन आयोग के फायदे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने इस महीने की शुरुआत में आठवें केंद्रीय वेतन आयोग की अधिसूचना जारी कर दी है। साथ ही, सरकार ने इसके लिए तीन सदस्यीय पैनल का गठन भी किया है, जिसकी अध्यक्षता न्यायमूर्ति रंजन गोगोई देसाई (रंजना प्रकाश देसाई) करेंगी। लगभग 10 महीने का लंबा इंतजार रहने के बाद सरकार ने आखिरकार 8वें वेतन आयोग की टर्म्स ऑफ रेफरेंस जारी की है।

# टाटा मोटर्स ने लेजेंडरी टाटा सिएरा का प्रोडक्शन-रेडी वर्जन पेश किया

### संगीत, कला, फैशन और लाइफस्टाइल में भारतीय रचनात्मकता के साथ विशेष सहयोग प्रदर्शित किया




**मुंबई, एजेंसी।** मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने बहुप्रतीक्षितसिएरा ब्रांड डेपर आइकॉनिक टाटा सिएरा का प्रोडक्शन-रेडी वर्जन पेश किया, जिसने भारत की सबसे प्रिय एसयूवी की विरासत में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। नई पीढ़ी के लिए पुनः कल्पित यह टाटा सिएरा अपनी मूल विरासत और विशिष्ट डिज़ाइन डीएनए को संरक्षित रखते हुए स्वतंत्रता, व्यक्तित्व और खोज की भावना का आधुनिक रूप प्रस्तुत करती है।

एक विशेष रूप से सजे आयोजन में, जहाँ चमक-दमक, ग्लैमर और सांस्कृतिक अनुभव का अनोखा मिश्रण देखने को मिला, मेहमानों ने इस लेजेंडरी एसयूवी की वापसी को करीब से अनुभव किया–1991 की ओरिजनल टाटा सिएरा से लेकर इसके नवीनतम अवतार तक। कार्यक्रम ने एसयूवी की असाधारण डिज़ाइन-यात्रा, नवाचार और भारत के साथ इसके गहरे भावनात्मक जुड़ाव को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। नई टाटा सिएरा उन लोगों के लिए है जो हर नए सफर में नए क्षितिज तलाशते हैं। इसे 25 नवंबर 2025 को आधिकारिक रूप से लॉन्च किया जाएगा।

कार्यक्रम में बोलते हुए टाटा मोटर्स के वाइस प्रेसिडेंट और ग्लोबल डिज़ाइन हेड तथा टाटा मोटर्स डिज़ाइन टेक सेंटर के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टरमार्टिन उह्लारिकने कहा,टाटा सिएरा सिर्फ एक नाम या वाहन नहीं है; यह भारतीय होशियारी और आकांक्षा का जीवंत प्रतीक है। बहुत से लोगों के लिए, सिएरा एक अनंत चाहत जगाती है–क्षितिज पर उभरती एक सिल्हूट, एक एहसास जो सफर समाप्त होने के बाद भी बना रहता है। आज, वही स्मृति भविष्य के लिए एक साहसिक दृष्टि में बदल रही है। अपनी सदाबहार सिल्हूट और अडिग भावना के साथ, नई सिएरा अपनी जड़ों का सम्मान करती है और आगे आने वाली संभावनाओं को निर्भय होकर अपनाती है। किसी लेजेंड को पुनः कल्पित करना केवल पुरानी यादों में लौटना नहीं है; यह साहसी डिज़ाइन, नवाचार और ऐसी रचनाएँ करने की इच्छा का प्रमाण है जो पीढ़ियों तक प्रभाव छोड़ें। सिएरा यह दर्शाती है कि डिज़ाइन विरासत का सम्मान करते हुए आने वाले कल को नया आकार देने का साहस भी रखता है।

## पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजी ने एच1 एफवाय26 के लिए ईबीआईटीडीए में 37% साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की

**मुंबई, एजेंसी।**
पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (पैरामेट्रिक्स) एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर उत्पादों और डिजिटल आईटी सेवाओं का एक विश्वसनीय प्रदाता, ने एच1 एफवाय26 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के संस्थापक, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मुकेश ठुमार ने प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा- पहले छमाही में हमारा प्रदर्शन हमारे उत्पादों और डिजिटल सॉल्यूशन्स में बन रही स्थिर गति का प्रतिबिंब है। ऑटोमेशन, एआइ-सक्षम प्लेटफॉर्म और सुरक्षित एंटरप्राइज तकनीक की मांग लगातार बढ़ रही है, और इन क्षमताओं को मजबूत करने में हमारे निवेश का परिणाम स्वस्थ वृद्धि और व्यापक ग्राहक जुड़ाव के रूप में दिखाई दे रहा है। हम अपनी अनुशासित निष्पादन और सुधरे हुए आंतरिक प्रक्रियाओं के लाभ भी देख रहे हैं, जिन्होंने इस अवधि के दौरान बेहतर संचालन प्रदर्शन का समर्थन किया है। आगे देखते हुए, हम दीर्घकालीन रणनीति द्वारा मार्गदर्शित हैं, जो हमें गहन क्षेत्र विशेषज्ञता के साथ प्लेटफॉर्म-नेतृत्व वाले डिजिटल पार्टनर बनने की दिशा में ले जाती है। हमारे फोकस क्षेत्र स्पष्ट हैं क्योंकि हम उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ाते हैं, अपनी उत्पाद क्षमताओं का विस्तार करते हैं और विभिन्न बाजारों में ग्राहक-केंद्रित डिलीवरी को बेहतर बनाते हैं। भारत और वैश्विक स्तर पर डिजिटल अपनाने की गति बढ़ रही है, और हमें विश्वास है कि बुद्धिमान, व्यावहारिक और सुरक्षित तकनीकी समाधानों की मांग केवल बढ़ेगी। पैरामेट्रिक्स इन अवसरों को तेजी, स्पष्ट उद्देश्य और मजबूत स्वामित्व संस्कृति के साथ भुनाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के बारे में - पैरामैट्रिक्स टेक्नॉलॉजीज लिमिटेड ही एक गतिशील आणि तंत्रज्ञान-आधारित कंपनी आहे जी ढ्ढञ्ज सोल्यूशन्स, कस्टम सॉफ्टवेअर डेव्हलपमेंट आणि नवोन्मेषी उत्पादनांच्या ऑफरिंगमध्ये विशेषज्ञता साधते. 2004 मध्ये स्थापन झालेली ही कंपनी विविध उद्योगांमध्ये ग्राहकांच्या अनन्य गरजांसाठी सानुकूल सोल्यूशन्स पुरवून सातत्याने आपली प्रतिष्ठा निर्माण करत आहे. गुणवत्ता, ग्राहक समाधान आणि तंत्रज्ञानातील प्रगतीवर लक्ष केंद्रित करून, पॅरामॅट्रिक्स एंटरप्राइझ सॉफ्टवेअर, डिजिटल ट्रान्सफॉर्मेशन सोल्यूशन्स आणि मालकीच्या उत्पादनांचा समावेश असलेले सर्वसमावेशक पोर्टफोलिओ प्रदान करते.

### जेपी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स के लिए बोली लगाई थी

# कम बोली लगाने के बावजूद गौतम अडानी ने मारी बाजी देखते रह गए वेदांता के अनिल अग्रवाल!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिवालिया हो चुकी दिग्गज इन्फ्रा कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स अडानी ग्रुप की झोली में गिर सकती है। कंपनी के क्रेडिटर्स ने सर्वसम्मति से अडानी एंटरप्राइजेज के ऑफर के पक्ष में वोट किया है। अडानी एंटरप्राइजेज के साथ-साथ अनिल अग्रवाल की वेदांता ने भी जेपी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स के लिए बोली लगाई थी। वेदांता की बोली अडानी से बड़ी थी लेकिन सूत्रों के मुताबिक बेहतर प्रीपेमेंट टर्म्स के कारण क्रेडिटर्स ने अडानी की बोली को मंजूरी दे दी।

ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक वेदांता ने सितंबर में हुई ई-नीलामी में जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए सबसे बड़ी बोली लगाई थी। उसने 17,000 करोड़ की पेशकश की थी। लेकिन क्रेडिटर्स ने अडानी एंटरप्राइजेज को चुना क्योंकि उन्होंने ज्यादा अग्रिम भुगतान की पेशकश की थी। हालांकि अडानी एंटरप्राइजेज की बोली की नेट प्रेजेंट वैल्यू वेदांता की बोली से करीब 500 करोड़ कम थी। एन पी वी का मतलब है कि भविष्य में मिलने वाले पैसों का आज के हिसाब से कितना मूल्य है।




नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स की सबसे बड़ी क्रेडिटर है। जेएएल पर क्रेडिटर्स का 55,000 करोड़ का कर्ज है। पिछले साल जून में कंपनी को इनसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग्स के लिए स्वीकार किया गया था।

किस-किसने लगाई थी बोली वोट करने का फैसला कानूनी चुनौती का सामना कर सकता है क्योंकि अडानी की बोली सबसे बड़ी नहीं थी। हालांकि अदालतें आमतौर पर क्रेडिटर्स के फैसलों का सम्मान करती हैं। शुरुआत में पांच कंपनियों ने रेजॉल्यूशन प्लान पेश की थीं। इनमें अडानी और वेदांता के अलावा डालमिया भारत, नवीन जिंदल की जिंदल पावर और पीएनसी इन्फ्राटेक शामिल थीं। डालमिया भारत शुरू में सबसे बड़ी बोली लगाने वाली कंपनी थी लेकिन उसकी पेशकश में कुछ शर्तें थीं। इसलिए उसने बाद में हुई ई-नीलामी में भाग नहीं लिया। मनोज गौड़ के नेतृत्व वाले ग्रुप ने कंपनी को दिवालियापन से बाहर निकालने के लिए क्रेडिटर्स को 18,000 करोड़ के सेटलमेंट की पेशकश की थी। लेकिन क्रेडिटर्स को लगा कि मनोज गौड़ अपनी पेशकश के लिए पर्याप्त फाइनेंशियल सपोर्ट का सबूत नहीं दे पाए। जयप्रकाश एसोसिएट्स के पास सीमेंट, पावर, इंजीनियरिंग, हॉस्पिटैलिटी, रियल एस्टेट और स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे कई बिजनेस हैं।

### स्कोरिंग सिस्टम पर सवाल

अडानी की सटीक बोली राशि का पता नहीं चल पाया है। एक सूत्र ने बताया कि दोनों कंपनियों की कुल योजना मूल्य में काफी अंतर था। यह वोटिंग मंगलवार रात 9 बजे खत्म हुई। पिछले हफ्ते कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ने एक स्कोर शीट तैयार की थी। इसमें अडानी एंटरप्राइजेज को सबसे ज्यादा अंक मिले थे। उनकी बोली को 100 में से अंक दिए गए थे। लेकिन कुछ क्रेडिटर्स ने इस स्कोरिंग सिस्टम पर सवाल उठाए हैं।

## सैमसंग टीवी प्लस ने ने शीर्ष क्रिएटर्स के साथ अपनी तरह का पहलाकंटेंट डील किया




**गुरुग्राम, एजेंसी।**
सैमसंग टीवी प्लस, भारत की प्रमुख फ्री ऐड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टेलीविजन सेवा, ने दुनिया के शीर्ष क्रिएटर्स के साथ साझेदारी करते हुए उनके एक्सक्लूसिव फास्ट चैनल अब घर की सबसे बड़ी स्क्रीन पर उपलब्ध करा दिए हैं।

भारत में लॉन्च की गई छह क्यूरेटेड चैनलों की इस नई सूची में प्रसिद्ध क्रिएटर मार्क रोबर के पहले समर्पित फ्री ऐड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी चैनल का विश्व प्रीमियर भी शामिल है। सैमसंग टीवी प्लस अब पूरे भारत में 1.40 करोड़ से अधिक सैमसंग स्मार्ट टीवी पर 160 से भी अधिक चैनलों के साथ उपलब्ध है।

नासाके पूर्व इंजीनियर, आविष्कारक, शिक्षक और दुनिया के सबसे प्रभावशाली क्रिएटर्स में से एक मार्क रोबर–जिनके 7.1 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर्स हैं–अब विज्ञान, रचनात्मकता और मनोरंजन का अपना अनोखा मिश्रण टीवी दर्शकों तक लेकर आ रहे हैं। मार्क रोबर ने कहा,मैं हमेशा मानता हूँ कि विज्ञान और इंजीनियरिंग, जिज्ञासा और रचनात्मकता को व्यक्त करने के बस अलग नाम हैं। यह चैनल दुनिया भर के और भी लोगों तक इसी भावना को पहुँचाने का माध्यम है–ताकि सीखना एक मज़ेदार अनुभव बने, मजबूरी नहीं। इस नए क्रिएटर चैनल लाइनअप के साथ कई जॉनर-डिफाइंग आवाज़ें सैमसंग टीवी प्लस से जुड़ी हैं, जिनमेंमिशेल खारे का'चैलेंज एक्सेपटेड',एपिक गार्डेनिंग टीवी ,द ट्राई गाइज़ , ब्रेव वाइन्डर्नेस और द स्टोरी गर्ल्स टीवी शामिल हैं।

## एव्हीजी लॉजिस्टिक्स ने एच1 एफवाय26 में 268 करोड़ की आय दर्ज की

**दिल्ली, एजेंसी।** एव्हीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड एक प्रमुख मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाता, ने क्यू2 एफवाय26 और एच1 एफवाय26 के लिए अपने बिना ऑडिट किए गए वित्तीय परिणामों की घोषणा की। वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, श्री संजय गुप्ता, प्रबंध निदेशक और सीईओ, - एव्हीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने कहा, क्यू2 एफवाय26 के दौरान, हमने स्थिर प्रदर्शन बनाए रखा, जिसमें हमारे मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में निरंतर क्रियान्वयन के समर्थन से संचालन से राजस्व 143.03 करोड़ तक बढ़ा। संचालन कुशलता पर हमारे फोकस ने स्वस्थ मार्जिन बनाए रखने में मदद की, जिसमें ईबीआईटीडीए 26.26 करोड़ रही। एफवाय25/26 की पहली छमाही के दौरान, हमने 77 फ्लीट जोड़े, जिसमें लगभग 26 करोड़ का कैपेक्स किया गया और आईएसओ टैंकर भारतीय बंदरगाहों तक पहुंचने लगे हैं। हमें उम्मीद है कि लिक्विड लॉजिस्टिक्स व्यवसाय दिसंबर 2025 से शुरू हो जाएगा।

एच1 एफवाय26 के लिए, राजस्व 268.05 करोड़ रहा, जो प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण के बावजूद निरंतर व्यावसायिक गति को दर्शाता है। यह हमारे इंटीग्रेटेड सर्विस मॉडल की ताकत और डिजिटल सशक्तिकरण तथा नेटवर्क ऑप्टिमाइजेशन के माध्यम से प्राप्त दक्षताओं को दर्शाता है।

जैसे-जैसे हम वर्ष की दूसरी छमाही में प्रवेश कर रहे हैं, हम ग्राहक संबंधों को मजबूत करने, सेवा क्षमताओं को बढ़ाने और उच्च संभावनाशील लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर्स में अपनी उपस्थिति को गहरा करने के माध्यम से विकास की संभावनाओं को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें उम्मीद है कि ये पहल निरंतर राजस्व दृश्यता का समर्थन करेंगी।

# ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर फैशन को ले जा रहा भविष्य की नई दुनिया में

**गुरुग्राम, एजेंसी।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने अपने गुरुग्राम संस्करण में 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' की थीम को पेश किया। यहां यह दिखाया गया कि टेक्नोलॉजी, डिजाइन और इमर्सिव स्टोरीटेलिंग किस तरह फैशन अनुभव को एक नई दिशा दे रहे हैं। इस साल के 'फैशन के अगले कदम' वाले थीम को आगे बढ़ाते हुए, इस एडिशन ने ऐसा विजुअल अनुभव प्रस्तुत किया जिसने हॉट कुट्योर को कपड़ों और पारंपरिक डिजाइन से आगे निकालकर एआई, कोड और इंटरैक्शन के डिजिटल दौर में पहुंचा दिया।

इस शोकेस का नेतृत्व डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक की रचनात्मक जोड़ी ने किया, साथ ही फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ फैशन टूर के लंबे समय से चले आ रहे सहयोग ने इसे और मजबूत बनाया। इस संस्करण का मूल संदेश यह था कि आज का फैशन दर्शक सिर्फ डिजाइन देखना नहीं चाहता, बल्कि उसे महसूस करना, अनुभव करना और उसे जिंदा होते हुए देखना चाहता है। 'फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' ने इसी भावना को एक इमर्सिव यूनिवर्स में बदल दिया, जहां रनवे फैशन की एक जीवंत कैनवस बन गया। परिधान सिर्फ अपने आकार में ही नहीं, बल्कि विचारों में भी भविष्य की सोच को दर्शा रहे थे, जो फैशन की अगली दिशा को ग्लोबल नजरिए से सामने रखते हैं। तमन्ना भाटिया का ह्यूमनॉइड रोबोट्स के साथ शो की शुरुआत करना हो, पूरे शो की कहानी को जोड़ते डायनेमिक प्रोजेक्शंस हों, रनवे पर हर मॉडल की चाल को दिखाते मोशन-सेंसिंग विजुअल्स हों, या फिर शाहिद कपूर का होलोग्राफिक शोस्टॉपर मोमेंट जिसने वर्चुअल और रियल की सीमाओं को मिटा दिया–हर तत्व ने दर्शकों को फैशन के अगले आयाम में खींच लिया। 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' बाय ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने फैशन अनुभवों में आ रहे बड़े सांस्कृतिक बदलाव को बखूबी पेश किया। यह ऐसा बदलाव है, जिसमें शिल्पकला और भविष्य की कल्पनाओं का सहज मिलन दिखा, और इसे तकनीक के शानदार प्रदर्शन ने संभव बनाया। दासगुप्ता ने कहा, ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर हमेशा से रचनात्मकता और अभिव्यक्ति की सीमाओं को आगे बढ़ाने वाला मंच रहा है। इस शोकेस के साथ हमने 'फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' की ओर एक साहसिक कदम बढ़ाया है, ऐसा इमर्सिव अनुभव जो भविष्य में फैशन पेश करने के तरीकों को नई परिभाषा देता है।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने कि तिथि समय | अनुमानित लागत | धरोवर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| OT-23/ 2025-26 | रीहैबिलिटेशन ऑफ पैसेंजर एमिनिटीज़ सिस्टम (आई.पी.आई.एस.) एट राजपुरा प्रोवीजन ऑफ आई.पी.आई.एस. एट ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन अलोंग विद ए.एम.सी फॉर 07 इयर्स. | 11/12/2025 at 15.00 hrs | Rs. 26923538.28/- | Rs. 284600/- | 180 दिन |
| OT-24/ 2025-26 | सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विद (1) अपग्रेडेशन ऑफ लेवल क्रॉसिंग न. 4 एट किमी. 4.257 फ़रोम "बी" टू "स्पेशल" क्लास ऑन सरहिन्द – अम्ब अंदौरा सेक्शन ओवर अंबाला डिवीजन (02) अपग्रेडेशन ऑफ लेवल क्रॉसिंग न. 90/B3 एट किमी. 105.682 फ्रॉम "बी" क्लास टू "स्पेशल" क्लास ऑन सरहिन्द – अम्ब अंदौरा सेक्शन ओवर अंबाला (3) अपग्रेडेशन ऑफ लेवल क्रॉसिंग न. 91/ B4 एट किमी. 106.885 फ्रॉम "बी" क्लास टू "स्पेशल" क्लास ऑन सरहिन्द - अम्ब अंदौरा सेक्शन ओवर अंबाला डिवीजन. | 11/12/2025 at 15.00 hrs | Rs. 5129242.29/- | Rs. 102600/- | 180 दिन |
| OT-25/ 2025-26 | सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विद टी.टी.आर. 18 सेट्स (टी.डब्ल्यू. एस.-7, सी.एस. - 11) के.डब्ल्यू.टी. & के.जे.जी.वाई. यार्ड, चंडीगढ़-मोरिंडा टी.एस.आर. (पी) 20.00T किमी., लुधियाना - अंबाला–टी.एस.आर. (पी) 15.645T किमी. (डाउन). (किमी 271.634 टू 273.59, 273.774 टू 274.415, 283.46 टू 286.495, 290.713 टू 300.517) ओवर अंबाला डिवीजन. | 11/12/2025 at 15.00 hrs | Rs. 3265099.57/- | Rs. 65300/- | 180 दिन |
| OT-26/ 2025-26 | एस & टी वर्क इन कनेक्शन विद (1) कन्स्ट्रक्शन ऑफ 2 लैन आर.ओ.बी. इन ल्यू ऑफ एल.सी. - 6 एट किमी 12/2-3 ऑन जाखल–हिसार सेक्शन नियर जमालपुर शेखा (2) प्रोविजन ऑफ वन हूक प्लेस्मेन्ट ऑफ हाफ गुड्स रैक एट गुड्स साइडिंग एट बस्सी पठाना (बी.एस.पी.एन.) स्टेशन ऑफ अंबाला डिवीजन (3) कन्स्ट्रक्शन ऑफ 2 नं. एल.एच.एस. (5मी.5मी) बाई पुशिंग इन ल्यू ऑफ सी–18 एट किमी 29/1-2 & लेवल क्रॉसिंग 59 एट किमी 77/15-78/0 ऑन जाखल–हिसार सेक्शन. (4) रिप्लेसमेंट ऑफ गारडर विद पी.एस.सी. स्लैब-स्ट्रेन्थनिंग ऑफ सबस्ट्रक्चर ऑफ ब्रिज नं 190, 197A-1, 220A, 232 धुरी जाखल, ब्रिज न. 49, जाखल–हिसार, 30, 82, 135 लुधियाना–धुरी, ब्रिज नं. 60-A 100 राजपुरा–धुरी, 221, 292 धुरी–भठिंडा & 143 भठिंडा श्रीगंगानगर सेक्शन. (5) प्रोविजन ऑफ 3मी एफ.ओ.बी. एट बरवाला। | 11/12/2025 at 15.00 hrs | Rs. 5233706.01/- | Rs. 104700/- | 180 दिन |

**नोटः** वरि0 मंडल सिग. एवं टेली. इंजी./उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशार्थी गयी तिथि अनुसार **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारो के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करे। **1.** टैन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लांग ऑन करें। **2.** निविदाकारो को ई–टेण्डरिग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टेन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टेन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले।

**संख्या: एस.डब्लू/सिग/अंबाला/एन.आई.टी-11/2025-26** **दिनांक: 18.11.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3585/2025


# एमवे इंडिया ने न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस बोरॉन लॉन्च

### मजबूत हड्डियों और बेहतर स्वास्थ्य के लिए चुने गए तत्वों पर आधारित


**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज की तेज़ और व्यस्त जीवनशैली में पोषण की कमी चुपके-चुपके नुकसान पहुँचाने वाली एक समस्या बनती जा रही है। इसी वजह से लोग अब अपने संपूर्ण स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। विटामिन ष्ठ की कमी भी ऐसी ही एक समस्या है, जो अलग-अलग आयु समूहों के लोगों में देखने को मिलती है और यह साफ दिखाता है कि समय रहते पोषण की कमी पूरी करना क्यों ज़रूरी है। इसी आवश्यकता को देखते हुए और पोषण के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता को और मजबूत करते हुए, एमवे इंडिया, जो स्वास्थ्य और वेलनेस के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी है, ने न्यूट्रिलाइट विटामिन डी प्लस बोरॉन लॉन्च किया। यह वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया फ़ॉर्मूलेशन विटामिन ष्ठ का स्तर बेहतर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है और हड्डियों तथा इम्यूनिटी को बेहतर करता है।




लॉन्च के दौरान एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक, श्री रजनीश चोपड़ा ने कहा, आजकल की भागदौड़ भरी जीवनशैली और धूप के संपर्क में कम रहने के कारण भारत में विटामिन डी की कमी तेज़ी से बढ़ी है। अध्ययनों से पुष्टि हुई है कि लगभग 80-90 प्रतिशत भारतीयों में विटामिन डी का स्तर अपर्याप्त है, जो समय के साथ हड्डियों और समग्र स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए, एमवे में हम विज्ञान आधारित न्यूट्रिशन लाइन को बेहतर बना रहे हैं ताकि लोग अपने स्वास्थ्य लक्ष्य हासिल कर सकें। उत्पाद नवाचार पर रणनीतिक रूप से ध्यान देने के तहत, हमें अपने नए उत्पाद 'न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस बोरॉन' को लॉन्च करते हुए गर्व हो रहा है। यह उत्पाद मजबूत हड्डियों और बेहतर स्वास्थ्य के लिए ज़रूरी तत्वों के साथ तैयार किया गया है। यह हमारे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के कायाकल्प और लंबे समय तक अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारी प्रतिबद्धता केवल सप्लीमेंट तक सीमित नहीं है। हम लोगों को उनका स्वास्थ्य बेहतर बनाने, उनकी ऊर्जा बढ़ाने और उन्हें लंबा ही नहीं बल्कि अधिक स्वस्थ और संतोषपूर्ण जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं।

## मालाबार समूह के 1531 माइक्रो लर्निंग सेंटरों में बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए

**मुंबई, एजेंसी।** दुनिया के अग्रणी आभूषण खुदरा विक्रेताओं में से एक, मालाबार समूह ने भारत भर में अपने 1531 माइक्रो लर्निंग सेंटर (एमएलसी) में बाल दिवस गतिविधियों का आयोजन किया। केंद्रों द्वारा समर्थित साठ हज़ार बच्चों के लिए ये समारोह आयोजित किए गए और एमएलसी के पूरे नेटवर्क में वरिष्ठ प्रतिनिधियों और समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा इनका नेतृत्व किया गया। कार्यक्रमों की शुरुआत मिठाइयों के वितरण के साथ हुई और इसने सीखने, समावेशिता और देखभाल को समर्पित एक दिन का माहौल तैयार किया। एमएलसी उन वंचित बच्चों की सहायता करते हैं जिन्हें सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों के कारण मज़दूरी करने के लिए मजबूर होना पड़ा या जिन्हें स्कूल छोड़ना पड़ा। प्रत्येक केंद्र एक वर्ष की आयु-उपयुक्त प्राथमिक शिक्षा प्रदान करता है और बच्चों को औपचारिक स्कूली शिक्षा में वापस लौटने में मदद करता है।



# इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन लेने से पहले प्लेसमेंट पैकेज के बार में जरुर जानें

**अगर आप इंजीनियरिंग में करियर बनाना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। वैसे सबसे ज्यादा लोग बीटेक कंप्यूटर साइंस का कोर्स करते है लेकिन इसमें प्लेसमेंट बहुत कम देखने को मिलती है। वहीं, इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन लेने से पहले प्लेसमेंट पैकेज के बार में जरुर जान लें।**


इंजीनियरिंग का सपना देखने वाले छात्रों को यह बात जरुर पता होना चाहिए। वैसे तो देश के कई टॉप इंजीनियरिंग कॉलेज हैं, जो लाखों का प्लेसमेट पैकेज देते हैं। आज के समय में सबसे ज्यादा लोग बीटेक कंप्यूटर सांइस ब्रांच में सबसे ज्यादा छात्र एडमिशन लेते हैं लेकिन इस ब्रांच में प्लेसमेंट बहुत ही कम मिलते हैं। वहीं, इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन लेने से पहले प्लेसमेंट पैकेज के बार में जरुर जान लें।

## बीटेक कंप्यूटर साइंस प्लेसमेंट में पीछे हुआ

आजकल सबसे ज्यादा लोग बीटेक कंप्यूटर साइंस के ब्रांच से इंजीनियरिंग कर तो रहे हैं लेकिन कई कॉलेज के प्लेसमेंट रिकॉर्ड में पाया गया है कि बीटेक कंप्यूटर साइंस प्लेसमेंट काफी पीछे रह गया है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर के प्लेसमेंट रिकॉर्ड के बारे में बताएं तो यहां बीटेक कंप्यूटर साइंस में प्लेसमेंट बहुत कम हुआ है। NIT रायपुर में बीटेक कंप्यूटर साइंस में कुल 83.65 फीसदी छात्रों को नौकरी मिली है।

## BTech IT में सबसे ज्यादा प्लेसमेंट

गौरतलब है कि बीटेक कंप्यूटर साइंस से ज्यादा बीटेक आईटी के छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट में जॉब ऑफर ज्यादा मिल रहे हैं। इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी यानी BTech IT के 84.47 फीसदी छात्रों का सेलेक्शन कैंपस प्लेसमेंट राउंड में हुआ है।



सूचना क्रांति का जिस क्षेत्र ने सर्वाधिक लाभ उठाया है, उनमें से एक है वेब डिजाइनिंग की फील्ड! डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू, यानी वर्ल्ड वाइड वेब नामक क्रांति ने दुनिया को बदल कर रख दिया है। एक वेबसाइट दुनिया में क्या बदलाव ला सकती है इसे बखूबी दिखलाया है गूगल ने, इसे बखूबी दिखलाया है अमेजन ने, इसे बखूबी दिखलाया है फेसबुक जैसी वेबसाइट ने।

# वेब डिजाइनिंग की फील्ड ने उठाया है सूचना क्रांति का सर्वाधिक लाभ

आप चाहे विकिपीडिया का नाम लें, चाहे फ्लिपकार्ट कहें, चाहे न्यूज की दूसरी वेबसाइट का उद्धरण दें, इसने नए युग में नई क्रांति को जन्म दिया है। छोटा बिजनेस हो, बड़ा बिजनेस हो, किसी आम या खास इंडस्ट्री से संबंधित कंटेंट की वेबसाइट हो, सामान की डिलीवरी हो या फिर कोई और काम, लोगों की जिंदगी में एक वेबसाइट ने आमूलचूल परिवर्तन लाया है। वस्तुत: यह कहने में हमें संकोच नहीं होना चाहिए कि शिक्षा तक की ट्रेडिशनल पद्धति को वेबसाइटों ने ना केवल बदला है, बल्कि इसकी बुनियाद को बदलने में भी अहम भूमिका निभाई है। अब जरा सोचिए! अगर इसका प्रभाव इतना व्यापक है तो इस फील्ड में कार्य करने वाले लोग भला महत्वपूर्ण क्यों नहीं होंगे सच बात तो यह है कि वेब डिजाइनर पिछले कई दशकों से महत्वपूर्ण बने हुए हैं और आज भी इनका महत्व कम नहीं हुआ है। वेब डिजाइनिंग में आप सामान्य एचटीएमएल वेबसाइट से लेकर, स्टैटिक ऑपरेशन एवं डायनेमिक बिहेवियर वाली वेबसाइट बनाते हैं और उसकी सहायता से अपने कस्टमर को लाभ भी पहुंचाते हैं। वेब डिजाइनिंग के कई भाग हैं।

## डिजाइनिंग पार्ट

किसी वेबसाइट का ले आउट कैसा रहना चाहिए, इसका यूजर इंटरफेस किस डिजाइन से बेहतर होगा, इसे डिसाइड करने के लिए आप इसकी स्केचिंग करते हो। साथ में किसी सॉफ्टवेयर में इसका प्रोटोटाइप भी बनाते हो। कई लोग इसे तकनीकी लैंग्वेज में पीएसडी बनाना भी बोलते हैं। यहां डिजाइन फाइनल होती है और उसके बाद ही अगले स्टेप की तरफ कोई बढ़ता है। अगर आप इस क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं तो एडोबी का फोटोशॉप, इलस्ट्रेटर, कोरल ड्रा जैसे सॉफ्टवेयर में आपको सिद्धहस्त होना चाहिए। इसे आप एक लेवल पर ग्राफिक डिजाइनर भी बोल सकते हैं और आप जितनी बेहतरीन डिजाइन बनाएंगे, वेबसाइट उतनी ही शानदार तरीके से तैयार होगी। इस फील्ड में उपरोक्त सॉफ्टवेयर की महारत रखने वाले लोग न केवल वेबसाइट का लेआउट बनाते हैं, बल्कि लोगो से लेकर तमाम इमेज वर्क भी इनके हाथ में होता है।

## एचटीएमएल, सीएसएस की जानकारी

इसे फ्रंट एंड कोडिंग भी बोल सकते हैं। मतलब सामने वेबसाइट जो दिखती है, उसकी कोडिंग। ब्राउजर में जब आप कोई भी यूआरएल डालते हैं, तो जो फ्रंट एंड नजर आता है वह एचटीएमएल पर चलता है। एचटीएमएल मतलब हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज। इसके कई वर्जन आ चुके हैं और हाल–फिलहाल एचटीएमएल– 5 पर कार्य हो रहा है। इसी प्रकार एचटीएमएल को खूबसूरत बनाने का काम करती है स्टाइलशीट जिसको सीएसएस (कैस्केडिंग स्टाइल शीट) बोलते हैं। यह दोनों कोडिंग लैंग्वेज ही होती हैं और इन्हें आप एक तरह से स्क्रिप्टिंग भी बोल सकते हैं। वेबसाइट डिजाइन करने में जावास्क्रिप्ट भी यूज होती है, जो खासकर इवेंट के लिए प्रयोग की जाती है। जैसे माउस क्लिक करने पर क्या एक्शन होना चाहिए, माउस रोलओवर करने पर क्या एक्शन होना चाहिए, स्क्रोलिंग पर क्या एक्शन होना चाहिए, यह कार्य जावास्क्रिप्ट करती है। इसकी जानकारी आपको एचटीएमएल, सीएसएस, जावास्क्रिप्ट में मिलती है। सामान्य तौर पर इसे आसान कोडिंग लैंग्वेज कहा जाता है और आप इसमें भी महारत हासिल कर सकते हैं।

## कोडिंग जोन

यह ऐसा क्षेत्र है जो असली प्रोग्रामिंग की दुनिया में बदलाव लाता है। एक सामान्य वेबसाइट और गूगल में क्या अंतर है यह डिफाइन करता है कि इसमें कोडिंग किस स्तर की हुई है एक सामान्य एचटीएमएल वेबसाइट और फेसबुक में क्या अंतर है, एक सामान्य वेबसाइट और अमेजन में क्या अंतर है, यह कोडिंग डिसाइड करती है। कहने का तात्पर्य यह है कि मनुष्य ऊपर से जैसा भी दिखता हो, किंतु उसके मस्तिष्क में कितनी नसें हैं, ब्लड सर्कुलेशन किस प्रकार होता है यह आप प्रोग्रामिंग समझ सकते हैं।

कोडिंग लैंग्वेज किसी भी वेबसाइट को नियंत्रित करती है। वह वेबसाइट चाहते गूगल जैसा कोई सर्च इंजन हो, फेसबुक जैसा कोई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हो या फिर फ्लिप्कार्ट जैसी कोई शॉपिंग वेबसाइट हो, कोडिंग ही यह तमाम चीजें तय करती है। इसमें पीएचपी से लेकर जावा और एएसपी से लेकर पाइथन और सी प्लस प्लस जैसी हेवी लैंग्वेज होती हैं, जिसके ऊपर कोई भी फंक्शन कार्य करता है। इसमें अगर आप महारत हासिल करते हैं, तो वेबसाइट में बड़ी–बड़ी फंक्शनैलिटी ऐड कर सकते हैं, नयी खोज कर सकते हैं। कॅरियर की बात करें तो, गूगल–फेसबुक जैसी बड़ी कंपनियों में इंजीनियर के पद पर आप मोटी सैलरी भी उठा सकते हैं या फिर अपना कोई स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं।

## वेब कंसलटेंसी

अगर आप ऊपर में से तीन चीजों में से कुछ नहीं करते हैं तो भी आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। आप तमाम सीएमएस में से किसी एक सीएमएस में महारत हासिल करके लोगों को कंसल्टेंसी दे सकते हैं। बहुत सारी ऐसी कंपनियां हैं जो ड्रैग एंड ड्रॉप पर चलती हैं, किंतु लोगों को उसकी जानकारी नहीं होती है। जैसे वर्डप्रेस, ब्लॉगर, टंबलर इत्यादि। तो किस प्रकार से कोई वेबसाइट बनती है, कार्य करती है, आपको इसकी जानकारी देनी होती है, जो सामान्यत: उसके ट्यूटोरियल में दिया भी होता है। इसे आप यूट्यूब से भी स्टेप बाय स्टेप सीख सकते हैं और अच्छा खासा पैसा भी कमा सकते हैं। ऊपर की चीजें ऐसी हैं जो आप फुल टाइम कर सकते हैं और अच्छी खासी अर्निंग कर सकते हैं। इसके साथ ही आपको डोमेन, होस्टिंग की भी जानकारी रखनी होती है, क्योंकि अगर आप यह कार्य करते हैं तो फिर एक संपूर्ण पैकेज के तौर पर अपने कॅरियर में चार चांद लगा सकते हैं।






# बेहतर भविष्य बनाने में मदद कर सकता है एआई

**अगर आप कॉरपोरेट दुनिया में कॅरियर तलाश कर रहे हैं, या फिर अपने कौशल को निखारना चाहते हैं। तो एआई आपको नए अवसरों की तलाश कर बेहतर भविष्य बनाने में मदद कर सकता है।**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शुरुआती दौर में नौकरी छीनने की आशंका को देखते हुए सबसे बड़ा खतरा माना जाता था। लेकिन वर्तमान समय में वास्तविकता एकदम अलग है। क्योंकि एआई न सिर्फ युवाओं को नई नौकरी दिलाने में मदद करता है, बल्कि कौशल निखारने में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

छात्रों की पढ़ाई से लेकर शिक्षक और पेशेवरों को पेशेवर तौर–तरीके सिखाने में एआई मदद करता है। ऐसे में अगर आप कॉरपोरेट दुनिया में कॅरियर तलाश कर रहे हैं, या फिर अपने कौशल को निखारना चाहते हैं। तो एआई आपको नए अवसरों की तलाश कर बेहतर भविष्य बनाने में मदद कर सकता है।

## एआई कन्वर्सेशन स्टार्टर टूल

कुछ कंपनियां ऐसी हैं, जहां पर खाली पदों को भरने के लिए कोई विज्ञापन जारी नहीं किया गया है। इसको हिडन जॉब मार्केट कहा जाता है। ऐसी नौकरी की जानकारी के लिए आपके लिए नेटवर्किंग काफी मददगार होती हैं। इसके अलावा लिंक्डइन के एआई कन्वर्सेशन स्टार्टर टूल के माध्यम से संबंधित क्षेत्र के पेशेवरों से जुड़ने एवं अपने कौशल को उजागर करने में भी सहायता मिलती है। लिंक्डइन के अलावा एंगेज और टैप्लियो ऐसे ऐआई टूल हैं, तो आपकी नेटवर्किंग को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

## रिज्यूमे और कवर लेटर

आपको बता दें कि आकर्षक रिज्यूमे और कवर लेटर बनाने में भी एआई मदद करता है। जिससे आपके कौशल नियोक्ता के सामने बेहतर और बेहद अच्छे तरीके से उजागर हो पाएंगे। रिज्यूमे और कवर लेटर बनाने के लिए रेजी एक ऐसा ही टूल है, जो कौशल व शैक्षणिक पृष्ठभूमि को आकर्षक आकार देता है और आपके रिज्यूमे को प्रभावी बनाता है। हायरिंग कंपनी के नाम और पद के लिए जारी किए गए विज्ञापन के आधार पर विशेष रूप से बनाया गया जॉब एप्लीकेशन भी तैयार करता है। इसके अलावा यह एप्लीकेशन व्याकरण की गलतियों को भी सुधारने में सहायक है।

## इंटरव्यू के लिए भी करेगा तैयार

इंटरव्यू के दौरान पूछे जाने वाले सवालों को लेकर चिंता होना स्वाभाविक है। इसके लिए आप चैटजीपीटी की मदद ले सकते हैं। हालांकि पूरी तरह से इस पर निर्भर होना भी ठीक नहीं है। चैटजीपीटी केवल संभावित सुझावों के लिए अच्छा ऑप्शन है। आप कंपनी और पद का नाम डालकर इंटरव्यू में पूछे जाने वाले संभावित प्रश्नों की लिस्ट और उस दौरान आपको किन बातों का ख्याल रखना चाहिए, इसके बारे में जान सकते हैं।

आप चैटजीपीटी द्वारा सुझाए गए कौशल और क्षमताओं के आधार पर अपने उत्तर को बेहतर बना सकते हैं। प्रमोशन के लिए एआई सिर्फ नौकरी दिलाने में ही मदद नहीं कर रहा बल्कि इसकी मदद से आप पेशेवर प्रमोशन पाने तक का सफर भी तय कर सकते हैं। चैटजीपीटी और जेमिनी आदि के जरिए आप बॉस से अपने प्रमोशन संबंधी बात करने तरीके के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं।



# विदेश में करना चाहते हैं जॉब, तो इंजीनियरिंग की इस ब्रांच का कोर्स कर लें

**अगर आप भी अपना करियर इंजीनियरिंग में बनाना चाहते हैं तो पहले जान लें सबसे बेस्ट इंजीनियरिंग ब्रांच के बारे में। इंजीनियरिंग की इस ब्रांच में कोर्स करते हैं तो आपको विदेश में जानें का सुनहरा मौका मिलेगा। मिलती हैं लाखों में सैलरी। गर आप भी विदेश में इंजीनियरिंग की जॉब करना चाहते हैं। तो जान लें कौन-सी ब्रांच में कोर्स करना चाहिए।**

आजकल ज्यादातर लोगों की पसंद इंजीनियर बनना होता है। अगर आप भी करियर में इंजीनियरिंग बनने का सपना देख रहे हैं तो यह लेख आपके लिए है। विदेश की टॉप कंपनियों में काम करने के लिए हर किसी का एक ड्रीम होता है। अगर आप भी विदेश में इंजीनियरिंग की जॉब करना चाहते हैं। तो जान लें कौन–सी ब्रांच में कोर्स करना चाहिए।

## विदेश में मिलती है जॉब

अगर आप इंजीनियरिंग करना चाहते हैं तो आपको बता दें कि कॉलेज के कैंपस प्लेसमेंट में मल्टी नेशनल कंपनियां भी हिस्सा लेती हैं। विदेश में जॉब करने की इच्छा आप रखते हैं तो इंजीनियरिंग ब्रांच में आप भी देख लें।

## Btech ECE

विदेश में जॉब करने की चाहत रखने वाले लोग बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग ब्रांच की डिमांड जॉब मार्केट में काफी ज्यादा है।

## BTECH Computer Science

Btech CSE कोर्स करने से विदेशी कंपानियां जॉब ऑफर करती है। बीटेक CSE के छात्रों को Google, Infosys और microsoft जैसी कंपनियों में लाखों के पैकेज वाले जॉब ऑफर मिलता है।

## BTECH Chemical Engineering

विदेश में इंजीनियरिंग की इस ब्रांच की काफी डिमांड है। कैमिकल इंजीनियर्स को विदेशी कंपानियों में आसानी से लाखों के पैकेज पर जॉब ऑफर होता है। आप भी इस ब्रांच में कोर्स कर सकते हैं।


## Btech Data Science

बीटेक डेटा साइंस एक बेहतरीन इंजीनियरिंग ब्रांच में से एक है। आपको बता दें कि देश के टॉप IITs, NITs और IIITs में यह कोर्स कराया जाता है।

# क्लीन एंड जर्क में नया विश्व रिकार्ड

- आयरन लेडी कर्णम मल्लेश्वरी ने 113 किग्रा वजन उठाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खेल इतिहास में '19 नवंबर' का दिन बेहद खास रहा है। साल 1995 में इसी दिन महिला वेटलिफ्टर कर्णम मल्लेश्वरी ने चीन के ग्वांगझू में हुई विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 113 किलोग्राम वजन उठाकर 'क्लीन एंड जर्क' में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था। 'आयरन लेडी' कर्णम मल्लेश्वरी ने महज 20 साल की उम्र में 54 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 202.5 किलोग्राम भार उठाते हुए गोल्ड जीता। अन्य सात भार वर्गों में चीनी वेटलिफ्टर विजेता रहे थे। इससे पहले साल 1994 में इस्तांबुल में भी कर्णम मल्लेश्वरी विश्व चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम कर चुकी थीं। 1 जून 1975 को श्रीकाकुलम (आंध्र प्रदेश) के वोसावनिपेटा गांव में जन्मीं कर्णम मल्लेश्वरी ने बहन के नक्शेकदम पर चलते हुए वेटलिफ्टिंग शुरू की थी। पिता कॉलेज स्तर पर फुटबॉलर रहे थे। ऐसे में बेटियां भी पिता की तरह खेल में अपना करियर बनाना



चाहती थीं। महज 13 साल की उम्र में कर्णम मल्लेश्वरी ने वजन उठाना शुरू कर दिया था। साल 1994 और 1998 में कर्णम मल्लेश्वरी एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल अपने नाम करने से चूक गईं। उन्हें सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने सिडनी ओलंपिक की तैयारियां शुरू कर दीं।

आखिरकार, 2000 सिडनी ओलंपिक में कर्णम मल्लेश्वरी ने इतिहास रच दिया। उन्होंने स्नैच में 110 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 130 किलोग्राम भार उठाया। कुल 240 भार के साथ कर्णम मल्लेश्वरी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। वह ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। कर्णम मल्लेश्वरी 2002 कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को एक और पदक जिताने की तैयारी कर रही थीं, लेकिन इसी बीच पिता के निधन ने उन्हें झकझोर दिया। साल 2004 में वह ग्रीस में हुए ओलंपिक गेम्स में उतरीं, लेकिन दुर्भाग्य से पदक नहीं जीत सकीं। कुछ समय बाद उन्होंने अपने करियर से संन्यास का ऐलान कर दिया। कर्णम मल्लेश्वरी को वेटलिफ्टिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए साल 1994 में 'अर्जुन पुरस्कार' से नवाजा गया, जिसके बाद साल 1999 में 'राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इसी साल उन्होंने 'पद्म श्री' भी हासिल किया। कर्णम मल्लेश्वरी ने 1997 में वेटलिफ्टर राजेश त्यागी से शादी रचाई। संन्यास के बाद उन्होंने कर्णम मल्लेश्वरी फाउंडेशन की स्थापना की, जिसने अनेक युवा वेटलिफ्टर्स को उनका सपना साकार करने का मौका दिया है।

स्नूकर विश्व कप

## पाकिस्तान के असजद इकबाल ने किया बड़ा उलटफेर

- भारत के पंकज आडवाणी को 4-0 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्नूकर विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में पाकिस्तान के असजद इकबाल ने भारत के तीन बार के आईबीएसएफ विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी को 4–0 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। स्नूकर विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में पाकिस्तान के असजद इकबाल ने भारत के तीन बार के आईबीएसएफ विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी को 4–0 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। शुरू से ही बेहतरीन फॉर्म में दिखे इकबाल ने मैच के दौरान लगातार शानदार ब्रेक लगाए और आडवाणी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इकबाल ने पहले फ्रेम में 81 का शानदार ब्रेक लगाकर बढ़त बनाई और दूसरे फ्रेम में 45 का ब्रेक जोड़कर स्कोर 2–0 कर दिया। आडवाणी, जिन्होंने प्री–क्वार्टरफाइनल में ब्रिजेश दामानी को मात दी थी, इस मुकाबले में अपने खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। तीसरे फ्रेम में इकबाल ने 68 और 49 के ब्रेक के साथ बढ़त को और मजबूत किया और चौथे फ्रेम में भी बढ़त बनाए रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली।



# युवराज संधू ने पहले राउंड में शानदार बढ़त बनाई



**डिगबोई (असम), एजेंसी।** पीजीटीआई रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे युवराज संधू ने अपने पसंदीदा स्थलों में से एक डिगबोई गोल्फ लिंक्स में वापसी की घोषणा की। उन्होंने शानदार सात अंडर 65 का स्कोर बनाकर 1 करोड़ रुपए इनामी इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स 2025 के पहले राउंड में दो शॉट की बढ़त बना ली। इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स (2021 और 2022) के दो बार विजेता रहे युवराज ने 67 के अपने शुरुआती राउंड में आठ बर्डी और एक बोगी का प्रदर्शन किया, उसी मैदान पर जहां उन्होंने 2021 में अपना पहला पीजीटीआई खिताब जीता था। पांच गोल्फ खिलाड़ी 67 के स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। इनमें पूर्व चैंपियन वीर अहलावत (2019), बीस वर्षीय अंशुल कबथियाल, शिवेंद्र सिंह सिसोदिया, युवराज सिंह और बांग्लादेशी मोहम्मद सोमरत सिकदर शामिल थे। इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स, जो इस वर्ष अपनी ऐतिहासिक 25वीं रजत जयंती मना रहा है, भारतीय पेशेवर गोल्फ के इतिहास में एक विशेष स्थान रखता है क्योंकि यह भारतीय घरेलू सर्किट और पीजीटीआई पर सबसे लंबे समय तक चलने वाला टूर्नामेंट है। यह टूर्नामेंट पुरस्कार राशि, हर साल आने वाले मजबूत मैदान, उच्च-स्तरीय खेल परिस्थितियों और उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में पूर्वोत्तर भारत के प्रमुख पेशेवर गोल्फ आयोजन के रूप में सुस्थापित है। इंडियनऑयल ने इस वर्ष इस आयोजन की पुरस्कार राशि को अब तक के सर्वोच्च 1 करोड़ रुपए तक बढ़ाकर भारतीय पेशेवर गोल्फ के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

## रोहित शर्मा ने गंवाया शीर्ष स्थान, न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल ने दिया झटका

**नई दिल्ली ।** आईसीसी पुरुष वनडे रैंकिंग के नए अपडेट में न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल ने रोहित शर्मा को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है जबकि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में मैच जिताऊ शतक जड़ने के बाद मिशेल 1979 में ग्लेन टर्नर के बाद पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। कमर की चोट के कारण सीरीज से बाहर होने से पहले मिशेल ने 118 गेंदों में 119 रनों की पारी खेली, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इस पारी ने उन्हें अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान और रोहित से एक रेटिंग अंक से आगे कर दिया है जिससे रैंकिंग में शीर्ष पर रोहित का 22 दिनों का संक्षिप्त दबदबा समाप्त हो गया। टर्नर 46 साल पहले नंबर एक स्थान पर पहुंचने वाले आखिरी न्यूजीलैंडर थे, जबकि नाथन एस्टल, रॉस टेलर और केन विलियमसन जैसे अन्य गेंदबाज रैंकिंग में तीसरे स्थान तक पहुंच गए हैं।



## रैंकिंग पर पूछा सवाल, जिम्बाब्वे के कप्तान ने पाकिस्तान के पत्रकार को दिया करारा जवाब,कहा किसी दूसरी टीम पर टिप्पणी नहीं कर सकता

**नई दिल्ली।** रावलपिंडी में पाकिस्तान, श्रीलंका और ज़िम्बाब्वे की त्रिकोणीय श्रृंखला से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने एक पत्रकार के अनपेक्षित सवाल पर शालीन लेकिन स्पष्ट जवाब देकर सबका ध्यान खींच लिया। एशियाई टी20 टीमों की रैंकिंग पर पूछे गए असंबंधित प्रश्न ने रजा को असहज करने की कोशिश जरूर की, लेकिन उन्होंने बिना संयम खोए बड़ी परिपक्वता के साथ अपनी बात रखी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और क्रिकेट प्रशंसकों ने रजा के पेशेवर रवैये की जमकर सराहना की।



**प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठा विवादित सवाल–** टूर्नामेंट के पहले मैच से एक दिन पहले जिम्बाब्वे कप्तान मीडिया के सामने थे। इसी दौरान एक पाकिस्तानी पत्रकार ने विषय से हटकर एशिया की टी20 टीमों की रैंकिंग पर उनकी राय पूछी। सवाल का उद्देश्य उन्हें किसी ऑनलाइन बहस में शामिल करना प्रतीत हो रहा था। पत्रकार ने पूछा कि एशिया की सर्वश्रेष्ठ और दूसरी सर्वश्रेष्ठ टी20 टीम कौन सी है और क्या जिम्बाब्वे इस श्रृंखला में पहली, दूसरी या तीसरी सर्वश्रेष्ठ एशियाई टीम का सामना करेगा।

**सिकंदर रजा का सधी हुई शैली में जवाब–** रज़ा ने पलभर भी विचलित हुए बिना बेहद सधी हुई शैली में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय टीम की जर्सी पहनते हुए वह अपनी टीम के अलावा किसी और देश की रैंकिंग पर टिप्पणी नहीं कर सकते।

# साउथ अफ्रीका को लगी दोहरी मार

गुवाहाटी टेस्ट से बाहर होंगे साइमन हार्मर, मार्को जानसेन भी चोटिल...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका ने भारत को कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट में 30 रनों से हराया था. इस टेस्ट में बावुमा ब्रिगेड ने भारतीय टीम को जीत के लिए महज 124 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन शुभमन ब्रिगेड ये रन भी नहीं बना सकी। नतीजतन अफ्रीकी टीम ने भारत में 15 साल बाद टेस्ट मैच जीत में हासिल की. अब साउथ अफ्रीकी टीम भारत में टेस्ट सीरीज में ऐतिहासिक जीत के कगार पर है. क्योंकि अब गुवाहाटी में होने वाला दूसरा टेस्ट ड्रॉ भी कप्तान टेम्बा बावुमा की टीम को सीरीज जीत दिलाने के लिए काफी होगा. हालांकि उनकी तैयारियों में कुछ खलल भी पड़े हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, कोलकाता टेस्ट के 'प्लेयर ऑफ द मैच' साइमन हार्मर को कंधे की समस्या है, जबकि लेफ्ट-आर्म पेसर मार्को जानसेन जैनसन भी हल्की चोट से जूझ रहे हैं. दोनों खिलाड़ियों ने मंगलवार को कोलकाता के वुडलैंड्स अस्पताल में मेडिकल टेस्ट करवाए, वही अस्पताल जहां शुभमन गिल का गर्दन का इलाज हुआ था।

मेहमान टीम ने ईडन गार्डन्स में शानदार जीत दर्ज करने के बाद आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पयनिशिप (2025-27) पॉइंट टेबल में भी छलांग लगाते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई है. उसकी यह जीत भारत में 2010 के बाद उनकी पहली टेस्ट जीत रही. कोलकाता टेस्ट में बावुमा ने नाबाद 55 रनों की पारी खेली और साइमन हार्मर ने मैच में आठ विकेट हासिल किए।


वहीं उन्होंने साउथ अफ्रीका को 1-0 की बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई. नियमित कप्तान शुभमन गिल हार्मर ने पहली पारी के 4/30 के बाद दूसरी पारी में 4/21 लेकर अपना कमाल जारी रखा, जबकि केशव महाराज ने दो विकेट झटके और जानसेन जैनसन ने दोनों भारतीय ओपनरों को आउट कर भारत को प्रेशर में डाल दिया था. दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल ने भारत को संभालने की कोशिश की, सुंदर ने 31 रन बनाए लेकिन एडेन मार्करम ने उन्हें आउट किया, जबकि पटेल की तेज तर्रार 26 रन की पारी महाराज का शिकार बनकर खत्म हुई।



हर टूर्नामेंट में पदक हासिल करना संभव नहीं...

# मैं हमेशा भारत का समर्थन करती हूं : मनु

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को बरकरार न रख पाने को झटका करार देते हुए हमवतन खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। भाकर ने कहा कि वह 'हर दिन नहीं जीत सकतीं'। हाल ही में संपन्न हुए इस टूर्नामेंट में 13 भारतीय पदक विजेताओं में मनु भाकर का शामिल न होना निशानेबाज़ी जगत के कई लोगों के लिए थोड़ा आश्चर्य की बात है। भाकर ने कहा, 'मैं विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही थी। मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन मैं शीर्ष तीन में जगह नहीं बना पाई। मेरी टीम की साथी ईशा सिंह ने पदक जीता। आप खेल में हर दिन जीत नहीं सकते। कभी कभी हार का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह जरूरी है कि भारत को पदक जीतना चाहिए और यह मेरे या किसी और के जीतने से जुड़ा नहीं होना चाहिए। जब तक भारत कोई भी पदक जीत रहा है, मैं उसका हौसला बढ़ाते रहूंगी चाहे वह किसी भी खेल में हो। इस 23 साल की पिस्टल निशानेबाज (महिलाओं को प्रेरित करके खेल जगत में उपलब्धि हासिल करना) के सोशल मीडिया हैंडल के लॉन्च पर बोल रही थी। भाकर ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन इस साल कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई हैं। इस साल अगस्त में एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतना उनकी बड़ी उपलब्धियों में से एक है।



एशियन कप क्वालिफायरः

# भारतीय फुटबॉल टीम की तीसरी हार

- 183वीं रैंकिंग वाली बांग्लादेश ने भी दी मात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम का एशियाई कप 2027 क्वालिफायर्स में लगातार खराब प्रदर्शन जारी है। पांच मैचों के बाद भी भारतीय टीम के लिए जीत का खाता नहीं खुल पाया है। टीम को तीसरी हार झेलनी पड़ी है। खास बात यह है कि फीफा रैंकिंग में 136वें स्थान पर काबिज भारतीय फुटबॉल टीम को 183वीं रैंकिंग वाली बांग्लादेश की टीम ने हरा दिया। मंगलवार 18 नवंबर को ढाका में हुए इस मैच को बांग्लादेश ने 0-1 से अपने नाम किया। एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से भारतीय फुटबॉल टीम पहले ही बाहर हो चुकी है। बांग्लादेश के लिए शेख मुरसलीन ने ग्रुप सी के इस मैच के 11वें मिनट में मुकाबले का इकलौता गोल दागा और यही भारत की हार का कारण बन गया। भारत को 31वें मिनट में गोल करने का सुनहरा मौका मिला था जब बांग्लादेश के गोलकीपर मितुल मार्मा के गोल पोस्ट से दूर थे। इसके बावजूद लालियानजुआला चांगटे गोल करने से चूक गए। बॉक्स पास से दाएं पैर से लगाए गए उनके किक को हमजा चौधरी ने हेडर से रोक दिया। पहले हाफ में टच लाइन के पास दोनों टीमों के कुछ खिलाड़ियों के बीच धक्का-मुक्की हुई लेकिन रेफरी ने स्थिति को काबू में कर लिया। भारत का अभियान 14 अक्टूबर को ही गोवा के मडगांव में सिंगापुर के खिलाफ 1-2 से हार के बाद समाप्त हो गया था। यह मैच हालांकि किसी भी टीम के टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के हिसाब से महत्वहीन था, क्योंकि भारत के साथ बांग्लादेश की टीम भी 2027 के महाद्वीपीय टूर्नामेंट की दौड़ से बाहर हो गई है। भारत पांच मैचों में तीन हार और दो ड्रॉ से दो अंक लेकर चार टीमों की ग्रुप तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। बांग्लादेश की यह पांच मैचों में पहली जीत है और टीम पांच अंक के साथ ग्रुप तालिका में तीसरे स्थान पर है। दोनों देशों के बीच पहले चरण का मैच 25 मार्च को शिलांग में गोलरहित ड्रॉ पर छूटा था।



# प्रीति ने किया बड़ा उलटफेर, ओलंपिक पदक विजेता हुआंग सियाओ वेन को हराया

विश्व मुक्केबाजी कपः

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स 2025 में मंगलवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता और तीन बार की विश्व चैंपियन चीनी ताइपे की हुआंग सियाओ-वेन को प्रीति पवार (54 किग्रा) ने हराकर फाइनल में प्रवेश किया। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुए फाइनल में प्रीति ने अरुंधति चौधरी, मीनाक्षी हुड्डा, अभिनाश जामवाल, अंकुश फंगल, नुपुर श्योराण, नरेंद्र बेरवाल, और परवीन सहित आठ भारतीयों के साथ फाइनल में जगह बनाई।

हुआंग सियाओ-वेन के खिलाफ जीत के बाद प्रीति ने कहा, 'मुझे पता था कि वह विश्व चैंपियन हैं, लेकिन विश्व चैंपियन बनने के लिए आपको एक विश्व चैंपियन को हराना होगा। मुकाबले से पहले मेरी यही सोच थी। मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था।

दर्शकों ने जिस तरह मेरा समर्थन किया, उस वजह से ही जीत दर्ज कर पाई। अरुंधति ने 2025 विश्व मुक्केबाजी कप के तीनों चरणों की पदक विजेता जर्मनी की लियोनी मुलर को हराया। पूर्व युवा विश्व चैंपियन और स्ट्रैंड्जा पदक विजेता, अरुंधति, डेढ़ साल के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धा कर रही थीं।

उन्होंने शुरुआती दोनों राउंड में पूरी आक्रामकता के साथ जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह पक्की की। विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) ने कोरिया की बाक चो-रोंग पर शानदार जीत दर्ज की। दो बार के विश्व मुक्केबाजी कप पदक विजेता अभिनाश (65 किग्रा) ने यूक्रेन के एल्विन अलीएव को हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। नरेंद्र (90+ किग्रा) ने भी कजाकिस्तान के दानियाल सपारबे के खिलाफ अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ फाइनल में प्रवेश किया। अंकुश (80 किग्रा) ने अपनी गति और दबाव से ऑस्ट्रेलिया के मार्लन सेवेहोन को 5:0 से हराया। नुपुर (80+ किग्रा) ने यूक्रेन की मारिया लोवचिन्स्का को हराया। परवीन (60 किग्रा) ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पोलैंड की विश्व मुक्केबाजी कप रजत पदक विजेता रयगेल्स्का अनेटा एल्जबिएटा को 3:2 के कड़े मुकाबले में हराया।

स्वीटी बूरा (75 किग्रा) ऑस्ट्रेलिया की एम्मा-सू ग्रीनट्री से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं, जबकि नवीन का सफर भी कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ। चौथे दिन नौ भारतीय खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे, जिनमें दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन (51 किग्रा) का मुकाबला उज्बेकिस्तान की गुलसेवर गनीवा से और मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लैम्बोरिया (57 किग्रा) का मुकाबला कजाकिस्तान की उल्जान सरसेनबेक से होगा।



